वर्ष- 21 अंक - 216 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, सोमवार 19 जनवरी 2026

## हिंसक झड़प में 27 की मौत

**कोलंबिया.एजेंसी।** वेनेजुएला के पड़ोसी देश कोलंबिया में मौत का तांडव मचा है। दक्षिण-पश्चिम कोलंबिया में एक विरोधी गुट के साथ हिंसक झड़पों में वामपंथी गुरिल्ला गुटों के कम से कम 27 सदस्य मारे गए।

# चांदी पहली बार 3 लाख पार...



**सोमवार ● एजेंसी**

सोना-चांदी जैसी महंगी धातुओं के भाव में उठापटक का दौर जारी है। आज चांदी ने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए और पहली बार चांदी 3 लाख पार हो गई। आज चांदी की कीमतों में 13,553 की बढ़ौतरी हुई जिससे चांदी के भाव 3 लाख एक हजार 315 प्रति किलो पहुंच गए। जनवरी 2025 में चांदी के भाग 2,35000 थे। इस हिसाब से एक साल में चांदी 65 हजार रुपए महंगी हो गई। जानकारों का कहना है कि चांदी और महंगी होगी। इसी तरह आज सोना के भाव में भी ढाई हजार की वृद्धि हुई जिससे सोना 1,45,000 पहुंच गया।

# शेयर बाजार में हाहाकार

ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिका द्वारा 8 यूरोपीय देशों पर लगाए गए टैरिफ के कारण एशियाई बाजारों में शेयर औंधे मुंह गिर गए और जापान से हांगकांग तक हाहाकार मच गया। भारत में भी इसका असर पड़ा। भारतीय शेयर बाजार में सेंसेक्स आज 300 अंक फिसल गया। इसी तरह निफ्टी में भी गिरावट दर्ज की गई।



## भाजपा अध्यक्ष के लिए नवीन का नामांकन आज

**नई दिल्ली.एजेंसी।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन आज नामांकन दाखिल करेंगे। इस मौके पर भाजपा के सभी मुख्यमंत्री, सभी प्रदेशाध्यक्ष और सभी तमान नेता मौजूद रहेंगे। मोदी और अमित शाह का समर्थन मिलने के कारण नितिन नवीन का निर्विरोध निर्वाचन तय है।

## आग से कब्रगाह बना शॉपिंग मॉल
# 6 की मौत, 50 से ज्यादा लापता

**कराची ● एजेंसी**

पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर कराची में प्रसिद्ध गुल प्लाजा शॉपिंग मॉल में शनिवार रात लगी भीषण आग से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी भीषण थी कि दमकल की टीम को आग पर काबू पाने में 24 घंटे से भी ज्यादा वक्त लगा गया। इस हादसे में 6 लोगों के मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 22 लोग घायल हुए हैं। 50 से



ज्यादा लोग लापता हैं जिनकी तलाश जारी है। आग की तपिश के कारण इमारत का ढांचा बेहद जर्जर हो गया है। इमारत का पिछला हिस्सा पहले ही गिर चुका है और सामने का हिस्सा भी गिरने की कगार पर है। मॉल में करीब 1,000 से 1,200 दुकानें थीं। आग से 200 से 250 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

### जंगल की आग में 16 मरे

उधर चिली के जंगलों में भीषण आग लगने से बड़ी तादाद में वन संपदा राख हो गई और 16 लोगों की मौत हो गई। इसी तरह चीन के इनर मंगोलिया में स्टील प्लांट में धमाका होने से 2 की मौत हो गई और 66 घायल हो गए।

## 6 नक्सली किए ढेर

**बीजापुर.एजेंसी।** बीजापुर में नक्सलियों के खिलाफ चल रहा बड़ा ऑपरेशन दूसरे दिन भी जारी रहा। सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो और माओवादी ढेर कर दिए गए। इसके साथ ही इस ऑपरेशन में मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़कर 6 हो गई है। मारे गए नक्सलियों में 4 महिला नक्सली हैं और 4 नक्सलियों पर 20 लाख का इनाम घोषित था।

## बारात ले जा रही बस पलटी 9 की मौत, 80 घायल

**लातेहर ● एजेंसी**

झारखंड के लातेहार जिले में बारात ले जा रही एक बस के पलट जाने से उसमें सवार कम से कम 9 लोगों की मौत हो गई और 80 अन्य घायल हो गए जिनमें 32 लोगों की हालत गंभीर है। 'छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले से बारात लेकर बस लातेहार के महुआडांड़ आ रही थी। बताया जाता है कि ब्रेक फेल होने के कारण यह हादसा हुआ।

### खाई में गिरी बस पलटी, कई घायल

उधर उत्तरप्रदेश के बाराबंकी में एक बस खाई में गिरकर पलट गई। इस हादसे में करीब 1 दर्जन यात्री घायल हो गए।

### दो जिंदा जले

हरियाणा के नूंह में कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस वे पर कोहरे के कारण पांच वाहनों में टक्कर के बाद लगी आग में दो लोग जिंदा जल गए।



चित्र लातेहर का

## पटरी से उतरकर दूसरी रेल से टकराई ट्रेन
# 21 की मौत, 70 से ज्यादा घायल

**सोमवार ● एजेंसी**

दक्षिणी स्पेन में कॉर्डोबा शहर के पास आदामूज इलाके में दो हाई-स्पीड ट्रेनों की टक्कर में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई, जबकि 70 से ज्यादा यात्री घायल हो गए। 30 से अधिक घायलों की हालत गंभीर है जिससे मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। हादसा तब हुआ, जब मलागा से मैड्रिड जा रही एक हाई-स्पीड ट्रेन पटरी से उतर गई और दूसरी लाइन पर पहुंच गई। उसी दौरान मैड्रिड से हुएल्वा जा रही दूसरी ट्रेन उससे टकरा गई।



## सुबह-सुबह आया भूकंप

**सोमवार.एजेंसी।** हरियाणा के सोनीपत तथा दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में आज सुबह 8:44 बजे के लगभग भूकंप के झटके आए जिसे घरों के दरवाजे, खिड़कियां और सामान हिलने लगे। दहशत के कारण लोग घरों से बाहर निकल आए।

## कथावाचकों को जूतों की माला पहनाओ, फांसी पर लटकाओ

**भोपाल.एजेंसी।** भोपाल में आयोजित एससी/एसटी/ओबीसी सम्मेलन में पूर्व विधायक आरडी प्रजापति ने रामभद्राचार्य, अनिरुद्धाचार्य जैसे कथावाचकों के खिलाफ विवादित बयान दिया। उन्होंने कहा कि ये कथावाचक महिला विरोधी हैं। इन्हें जूतों की माला पहनाना चाहिए और फांसी पर लटकाना चाहिए, क्योंकि कुछ बाबा बहन-बेटियों को गालियां देते हैं। ज्ञात रहे कि प्रजापति ने 2013 में भाजपा के टिकट पर चुनाव जीता था। इसके बाद वे सपा में शामिल हो गए थे।

## मूंछ काटी सिर मुंडा कीचड़ पोता

**बरेली.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश के बरेली में पैसों के विवाद में दबंगों ने एक दलित युवक की पिटाई कर उसका सिर मुंड दिया, मूंछ काट दी और फिर चेहरे पर कीचड़ पोत दिया।

# कांग्रेसियों को आज जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंचकर कार्य करने के लिए निर्देश

## मतदाता सूची में गड़बड़ी कराने का संभव प्रयास करेगी भाजपा, भोपाल से आए आदेश, एक बूथ पर एक दिन में 15 नाम ज्यादा आए तो उस पर करें जांच

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की ओर से प्रभारी संगठन महामंत्री डॉ. संजय कामले ने प्रदेश के सभी शहर-जिला अध्यक्षों को, विधायकों और विधायक उम्मीदवारों को और कांग्रेस की जिला निर्वाचन कार्य प्रभारी को निर्देशित किया है कि वे आज हर हाल में जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंचकर वहां अधिकारी से फार्म-7 की बूथवार-तिथिवार जानकारी आवश्यक रूप से प्राप्त करें और जो जानकारी मिले उसका अवलोकन करें। यह देखें कि कहीं कुछ नाम गलत जोड़ने, काटने का प्रयास तो नहीं किया है। साथ ही पत्र में यह भी लिखा कि भाजपा मतदाता सूची में हर संभव गड़बड़ी करने की कोशिश करेगी। पत्र में लिखा कि जनता के मताधिकार की रक्षा के लिए पूरी मुस्तैदी और सजगता के साथ एसआईआर मामले में प्राप्त जानकारी का अवलोकन कर फार्म-7 का अवलोकन ठीक से करें। कुछ गलत नाम जोड़ने, काटने के प्रयास तो नहीं हुए हैं इस पर विशेष रूप से बूथ स्तर पर ध्यान दिया जाए। यह भी निर्देश दिए गए हैं कि जिला निर्वाचन अधिकारी से मिलकर फार्म-7 को देखें, जो निर्वाचन आयोग द्वारा छपवाकर दिए गए हैं, अगर निर्वाचन के अलावा कोई फार्म दिखे तो वे स्वीकार नहीं करें। यदि निर्वाचन आयोग से बाहर के छपे फार्म 07 जमा किए गये हों तो उन्हें निरस्त करने हेतु शिकायत कर दबाव बनाएं। यह भी देखें कि एक बूथ पर 15 फार्म ही स्वीकार किए जाना है, अगर उससे ज्यादा फार्म बूथ पर एक दिन में आए हैं तो देखें कि कहीं गलत नाम जोड़ने का प्रयास तो नहीं किया गया है। यह भी देखें कि अंतिम तीन दिन में किस बूथ पर कितने-कितने 7 नम्बर फार्म जमा हो रहे हैं। पत्र में फिर से लिखा गया कि इस बात की पूरी संभावना है कि भाजपा अंतिम चरण में व्यापक स्तर पर गड़बड़ी का प्रयास करेगी। गड़बड़ी नहीं हो इस हेतु मुस्तैदी से निगरानी रखें। प्रदेश कांग्रेस ने जिम्मेदारों को यह भी निर्देश दिए कि यह कार्रवाई गंभीरता पूर्वक करें और जो काम आज से लेकर तीन-चार दिनों में किया जाए उसकी पूरी जानकारी प्रदेश कांग्रेस को भेजे।



## मंत्री को दिया निमंत्रण

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को विंध्यांचल सोशल ग्रुप के पदाधिकारी डॉ. आरएन मिश्रा, दिलीप मिश्रा, रमेश पाठक, मुनिन्द्र पाठक ने मुलाकात कर होने वाले वार्षिकोत्सव सम्मेलन का निमंत्रण दिया। उल्लेखनीय है कि विंध्यांचल क्षेत्र के रहवासी बड़ी संख्या में विधानसभा 1 में निवासरत है।

# दोषी अधिकारियों को शासन क्यों कर रहा है पदोन्नत -कांग्रेस

### मामला भागीरथपुरा दूषित पेयजल आपूर्ति मामले का

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने कहा कि भागीरथपुरा में दूषित पेयजल के कारण करीब दो दर्जन लोगों की मृत्यु हो चुकी है और लगातार मांग उठ रही है कि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों का इस्तीफा हो और दोषी अधिकारियों पर प्रकरण दर्ज हो। ऐसे में दोषी अधिकारियों को दंडित करने के बजाए सरकार उन्हें पदोन्नति देकर सम्मानित कर रही है। द्विवेदी ने कहा भागीरथपुरा के अलावा कुलकर्णी नगर में भी दूषित पानी के कारण मृत्यु हो चुकी है और उपचार भी अभी तक लोगों के चल रहे हैं। फिर भी जिम्मेदारों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। कुछ अधिकारियों को स्थानांतरित करते हुए पदोन्नत भी कर दिया गया। द्विवेदी ने कहा कि अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर न्यायालय में भी मामला लम्बित है। अगर अधिकारी दोषी नहीं थे तो स्थानांतरण क्यों हुआ और स्थानांतरण हुआ तो पदोन्नति क्यों हुई। द्विवेदी ने कहा कि इसका मतलब साफ है कि सरकार दोषी अधिकारियों को संरक्षण दे रही है। पहले भी पटेल नगर बावड़ीकांड में अधिकारियों को बचाया गया था।

# भाजपा नेता ने भागीरथपुरा में छिड़कवाया गंगाजल

### राहुल गांधी के जाने के एक दिन बाद पवित्र जल छिड़काव के बाद रैली भी निकाली

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

विधानसभा 1 के वार्ड 11 स्थित भागीरथपुरा में दूषित जल से कई निर्दोश लोगों की मृत्यु हो गई और उसी मुद्दे पर लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी 17 जनवरी शनिवार को भागीरथपुरा क्षेत्र में मृतकों के परिजनों से मुलाकात करने पहुंचे थे। राहुल गांधी के दौरे के दौरान कोई भी भाजपाई सामने नहीं आया था। राहुल गांधी के जाने के बाद भाजपा नेता बबली बोस पाल ने अपने साथियों के साथ पूरे भागीरथपुरा क्षेत्र के अलावा वार्ड में भी गंगाजल से छिड़काव कर वार्ड को पवित्र किया। बबली बोस ने छिड़काव करते हुए अपने साथियों के साथ रैली भी निकाली। इस दौरान बबली बोस पाल, रमेश बिस्वाल, बाबूलाल पाल, दुर्गा, सुनील कारारे उपस्थित थे।





## पार्षद कार्यालय में नेत्र शिविर

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन,चोइथराम नेत्रालय सामाजिक संस्था विध्याचल सोशल ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान मे पार्षद संध्या राधाकिशन जायसवाल के कार्यालय भगतसिंह नगर,बांणगाग मेनरोड़ पर नेत्र शिविर लगाया। शिविर में 145 मरीजों ने लाभ लिया 13 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया जिनके आपरेशन निशुल्क होंगे। जरूरतमंद को 75 चश्मे रियायती दरों पर दिए गए। डॉ. आरएन मिश्रा, अनोखीलाल जैन, महेश डाकोलिया, भंवरलाल कासवा, महेश, राजेन्द्र भटेवरा, किरण संचेती,अरविन्द चौधरी डॉ. जितेन्द्र पारख, सुभाष गोखरू, पारस कटारिया, आनंदी लाल जैन, चंद्रकुमार फतेहपुरिया, विजय सिंह नाहर, प्रदीप मोर्य ने अपनी भूमिका निभाई।

## सपा में गौरीशंकर यादव प्रभारी बने

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। समाजवादी पार्टी ने गौरीशंकर यादव को प्रदेश प्रभारी बनाया। इस नियुक्ति पर राजेंद्र यादव, मोहम्मद अली सिद्दीकी, डीएस मिश्रा सुषमा यादव, ज्योति गांगले, राधेश्याम शर्मा, मनोज हर्डिया, किरण गोरे, लक्ष्मी नामदेव, महादेव यादव, ललित मेहरा, शांति मौर्य, रामकिशन मौर्य ने बधाइयां दी।





## विहिप की बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विश्व हिंदू परिषद मालवा प्रांत की त्रिदिवसीय बैठक में आगामी कार्ययोजनाओं एवं कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई। युवा संवाद, संत समरसता यात्रा,कुटुंब प्रबोधन की गोष्ठियों के कार्यक्रमों को लेकर जानकारी दी गई। धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान दिनांक 1 फरवरी से 20 फरवरी तक चलाने का निर्णय लिया गया। वहीं श्रीराम जन्मोत्सव दिनांक 19 मार्च से 31 मार्च तक प्रत्येक समिति स्तर पर मनाया जाएगा। इस त्रिदिवसीय बैठक में मालवा प्रांत के 29 संगठनात्मक जिलों से बजरंग दल, मातृशक्ति, दुर्गावाहिनी सहित विभिन्न आयामों के 200 से अधिक प्रांत, विभाग एवं जिला पदाधिकारियों ने सहभागिता की। संत अण्णा महाराज, पदाधिकारी खगेन्द्र भार्गव, माला ठाकुर, मुकेश जैन, विनोद शर्मा ने अपनी भूमिका इस महत्वपूर्ण बैठक में निभाई। विश्व हिंदू परिषद की केंद्रीय प्रन्यासी मंडल बैठक का भी उल्लेख किया गया। उक्त जानकारी गन्नी चौकसे ने दी।

## विधायक ने किया भूमिपूजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विधानसभा 5 के महालक्ष्मी नगर में 27 लाख रुपये की लागत से प्रस्तावित ड्रेनेज लाइन निर्माण कार्य के भूमिपूजन में विधायक महेन्द्र हार्डिया ने सौगात दी। हार्डिया ने कहा कि क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होगा और नागरिकों को बेहतर सुविधा मिलेगी। धर्मेंद्र राय, अशोक काले, रितेश रघुवंशी, गौरव डावर, ऋषि सिंघाई, विश्वास द्विवेदी, निर्भय सिंह यादववंशी, राकेश जायसवाल, भूपेंद्र बग्गा, रूपेश शर्मा, शैलेंद्र निगम, शुभम बिल्लौर, जगदीश उपाध्याय, आनंद गुप्ता, भारती शाक्य, विमला मानगरे, करिश्मा दवे, रोशनी कौशल, अमित जैन, अविनाश शास्त्री, अशोक रघुवंशी, मछैंदर गड़ेकर, वीर सिंह चौहान, विनोद चौहान, अर्पित विश्वकर्मा, दीपक शाक्य, दीपचंद पंचोली, कैलाश तोमर मौजूद थे।



# चोरी के बाद जैन समाजजनों ने आक्रोशित होकर निकाली रैली

## णमोकार मंत्र करते हुए आज सुबह पहुंचे एमआईजी थाना, चोर जल्द कड़े, गश्त बढ़ाई जाए, जैन समाजजनों के साथ व्यापारी भी रहे मौजूद




इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पाटनीपुरा स्थित मंदिर पर 14 जनवरी को हुई चोरी के विरोध में जैन समाजजनों ने पांच दिन के बाद भी चोरी का खुलासा नहीं होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए णमोकार जाप के साथ रैली निकाली। रैली एमआईजी थाना पहुंची और पुलिस से जल्द चोरों को पकड़ने और क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग भी की गई। इस दौरान क्षेत्रीय व्यापारी भी रैली और ज्ञापन में मौजूद रहे। पवन जैन, नीतेश जैन, विकास जैन सतभैया, मनीष जैन, पूनमचंद जैन सतभैया, सुधीरकुमार जैन, हीरालाल जैन, दीपक जैन, स्वतंत्र जैन, जितेंद्र जैन, मनोज सोमवंशी, अरुण जैन, प्रकाशचंद जैन, ललित दोशी, संजीव जैन, महेश जैन, मुकेश जैन, आशीष जैन, जयचंद जैन, विशाल तिवारी, आशीष शर्मा, शैलेन्द्र तिवारी, राहुल छापरवाल सहित मातृशक्तियां एवं अन्य भी मौजूद रहे।

# सराफा बाजार के चाट चौपाटी वालों की सूची आज होगी फाइनल

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** नगर निगम द्वारा सराफा बाजार में चाट चौपाटी की दुकान लगाने वालों की सूची को आज फाइनल किया जाएगा इसके लिए निगम के राजस्व समिति के प्रभारी निरंजन सिंह चौहान गुड्डू के द्वारा एक बैठक बुलाई गई है। सराफा की चाट चौपाटी का मामला नगर निगम में बड़े दिनों से उलझा हुआ पड़ा है। पिछले दिनों आयोजित की गई महापौर परिषद की बैठक में इस मामले को लेकर चर्चा हुई थी। इस चर्चा में यह तय किया गया था कि सराफा बाजार के उचित पुराने परंपरागत मिठाई बेचने वालों को उनकी दुकान लगाने की अनुमति दी जाए। इस फैसले के परिपेक्ष में आज राजस्व समिति द्वारा बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में मार्केट विभाग के अपर आयुक्त के साथ ही अन्य अधिकारियों को भी बुलाया गया है। बैठक में इस बाजार में जिन 69 दुकानदारों को नगर निगम द्वारा अनुमति दी गई है उनके दस्तावेजों की जांच की जाएगी इसके अलावा निगम के पास जो 28 आवेदन आए हैं उनके दस्तावेजों की भी जांच की जाएगी। सभी के दस्तावेज देखने के बाद सराफा बाजार में दुकान लगाने वालों की सूची को फायनल किया जाएगा। नगर निगम की ओर से यह तैयारी की जा रही है कि आज ही इस सूची को फायनल कर दिया जाए और फिर अधिकारियों से इस सूची के हिसाब से सराफा बाजार में दुकान लगवाने का काम करने के लिए कहा जाए।

# राज्यसभा में फोटो नहीं सीधे अंबेडकर परिवार का सदस्य चाहिए-वाघ

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश प्रभारी मुकुल लक्ष्मण वाघ ने बयान जारी कर कहा कि कांग्रेस दलित हितैषी नीति पर महासभा बड़ा सवाल उठा रही है। राज्यसभा के लिए आम्बेडकर परिवार की दावेदारी पेश की गई है। कांग्रेस के साथ विपक्षी दलों को भी घेरा गया है। वाघ ने कहा कि म.प्र. की राज्यसभा सीट पर दलित वर्ग से प्रतिनिधि भेजने की चर्चाएं है। वाघ ने कहा कि यदि कांग्रेस पार्टी वास्तव में खुद को अंबेडकरवादी और दलितों की हितैषी मानती है तो वह केवल वोट बैंक के लिए बाबा साहेब के फोटो का सहारा लेना बंद करे, यदि उनमें साहस और ईमानदारी है तो वह रिक्त सीट पर अंबेडकर परिवार के किसी सदस्य को राज्यसभा भेजकर अपनी गंभीरता साबित करे। ग्वालियर में भी बाबा साहब के अपमान पर भी वाघ ने नाराजगी जाहिर की। बाबा साहब आम्बेडकर के प्रपौत्र राजरत्न आम्बेडकर कल म.प्र. प्रवास के दौरान कल इंदौर विमानतल पर सुबह 10 बजे आ रहे हैं। वे दोपहर 3 बजे मीडिया से चर्चा भी करेंगे उनके साथ कनाडा के दो विशिष्ट अतिथि भी मौजूद रहेंगे। वे आम्बेडकर नगरी महू भी जाएंगे और उसके बाद 21 जनवरी को भोपाल में भी मीडिया से चर्चा करेंगे।

**राजरत्न आम्बेडकर कल आएंगे**



# चौपाल में पहुंचे तो दे दिया दो लेन बनाने का ज्ञापन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** देपालपुर विधानसभा के हातोद के बुढानिया में गांव चौपाल का आयोजन किया गया। आयोजन में सांसद शंकर लालवानी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह चावडा पहुंचे तो भाजयुमों मंडल अध्यक्ष हितेन्द्र सिंह बुढानिया की मौजूदगी में किसानों और भाजपाइयों ने दो लेन रोड बनाने की मांग का पत्र सौंप दिया। लालवानी और चावडा को बताया कि किसानों की उपज को बुढानिया से लक्ष्मीबाई नगर अनाज मंडी तक ले जाने में दिक्कत आ रही है इसलिए सिंगल रोड को टू लेन रोड किया जाएं।

# कांग्रेस चलाएगी हर विधानसभा में छोटा हाथी पर पानी टेस्टिंग लैब

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई बड़ी संख्या में मौत और बीमारी के बाद अब कांग्रेस जनहित में नया कार्य करने जा रही है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि इंदौर की 6 विधानसभाओं में कांग्रेस पानी टेस्टिंग अभियान चलाएगी। इसके लिए कांग्रेस ने छोटा हाथी रिक्शा कर लैब तैयार करवाने का काम करवा दिया है। संभावना है कि इसी सप्ताह के अंत तक हर विधानसभा में प्रभारी और ब्लाक अध्यक्षों के अलावा मंडलम अध्यक्ष का सहयोग लेकर यह पानी की टेस्टिंग लैब शुरू कर दी जाएगी। जिम्मेदारों के माध्यम से हर विधानसभा के वार्डों तक में रहवासियों को शुद्ध जल मिले इसके लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। लोगों को स्वच्छ पानी पीने के साथ उबला हुआ पानी पीने के लिए भी आग्रह किया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से कुंभकरण की नींद सोई निगम को भी जगाया जाएगा।

# धंसी सड़क पर खबर के बाद संज्ञान


जीएनटी मार्केट के पहले मुख्य धार रोड पर धंसने लगी सड़क

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

गंगवाल बस स्टैण्ड से धार रोड का मार्ग काफी चलने वाला मार्ग है, यह हाईवे भी है और लोकल मोहल्ला और बस्ती को भी मिलाता है। जीएनटी मार्केट के मुख्य गेट से कुछ ही दूरी पर मुख्य मार्ग डिवाइडर के पास बीयरबार के सामने धंसने लगा है। लोगों का कहना है कि यह धंसने वाला मार्ग कभी भी दुर्घटना को न्यौता दे सकता है और इससे कभी किसी की जान भी जा सकती है। क्योंकि दोनों तरफ से यह रोड ऊंचा हो चुका है और बीच में गड्ढा हो चुका है और यहां से भारी भरकम वाहन भी निकलते हैं, किसी भी दिन गड्ढा अन्दर हो जाएगा और वाहन उसमें लटक जाएगा ऐसी संभावना जताई गई।

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**धार रोड लकड़ी पीठा के समीप बार के सामने का एक हिस्सा लगातार धंस रहा था और इसी रोड पर भारी वाहन जैसे बस, ट्रक भी निकल रहे थे, लोगों को खतरा था कि कहीं कोई बड़ा हादसा ना हो जाए। इस मुद्दे को सिटी ब्लास्ट ने प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था उसी के बाद निगम ने इस धंसी हुई सड़क पर सीमेंट कांक्रीट कर अभी कुछ दिनों के लिए बेरिकेट्स भी लगा दिए है।**




# स्वर्णकार समाजजनों के बीच मौजूद रहे मंत्री और विधायक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार मेवाडा समाज का अन्नकूट महोत्सव कल गार्डन में आयोजित हुआ। बड़ी संख्या में समाजजनों ने शिरकत की। महाराजा अजमीढ़ और भगवान जगदीश की महाआरती की गई। कार्यक्रम में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक गोलू शुक्ला, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, भाजपा नेता हरिनारायण यादव सहित अन्य मौजूद रहे, जिनका स्वागत पदाधिकारियों ने किया।

# कांग्रेसियों की निगाह अभी भी भागीरथपुरा पर

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भागीरथपुरा में हुई दूषित पानी से घटना के बाद लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी भी भागीरथपुरा और अस्पताल पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर चुके हैं। इधर भाजपा के अलावा कांग्रेस की भी निगाह भागीरथपुरा पर लगी है। कांग्रेस मौका मिलने पर फिर से इस मुद्दे पर आक्रामक होगी, इसके संकेत संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल ने दिए। वहीं भाजपा के नेताओं की भी निगाह कांग्रेस के कदम पर लगी हुई है। भाजपाई लगातार पीड़ित परिवार से संपर्क में है। पिछले सप्ताह ही देव से महादेव की टीम ने राहुल गांधी के आने के पहले परिजनों से चर्चा की थी।

# पलासिया चौराहा पर मनेगा राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर उत्सव

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** 22 जनवरी को दो वर्ष पूर्व अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। देशभर में उत्सव मनाया गया था। इसके बाद गत वर्ष भी 22 जनवरी को कुछ जगह उत्सव मने थे। शहर के पलासिया चौराहा पर 22 जनवरी को उत्सव मनाया जाएगा। सनातन चौराहा के नाम से पहचान बना चुके पलासिया चौराहा पर रामलीला दर्शन और प्रसादी का वितरण होगा। इसके लिए तैयारियां शुरु हो गई है। उक्त जानकारी नीरज यागनिक ने दी।

# कलयुगी बेटे ने पिता को उतारा मौत के घाट

## सरिया चोरी करने पर टोका तो कर दी बेरहमी से पिटाई

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**लसूड़िया थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्कीम 78 में रिश्तों को शर्मसार करने वाली एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहाँ एक बेटे ने मामूली विवाद के बाद अपने ही पिता की बेरहमी से पिटाई कर दी। गंभीर चोटों के कारण अस्पताल में भर्ती पिता ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।**

मृतक की पहचान 45 वर्षीय संजय पिता जगन्नाथ निवासी स्कीम 78 के रूप में हुई है। घटना गत 13 जनवरी की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, घर से लोहे के सरिए चोरी होने की बात को लेकर संजय का अपने बेटे राहुल से विवाद हुआ था। संजय ने जब बेटे को सरिया चोरी करने के लिए टोका और विरोध किया तो बेटा गुस्से में आ गया। विवाद इतना बढ़ा कि बेटे ने अपने पिता पर हमला कर दिया और उनकी बुरी तरह पिटाई कर दी। पिटाई के कारण संजय को गंभीर आंतरिक चोटें आई थीं, जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पिछले कुछ दिनों से उनकी हालत नाजुक बनी हुई थी और देर रात इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। एसीपी पराग सैनी के मुताबिक फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

# मच्छी बाजार क्षेत्र में पड़ा हुआ मिला कचरे का ढेर

## दो निगम कर्मी का एक-एक दिन का वेतन काटने के निर्देश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



नगर निगम की ओर से लगातार सजगता रखे जाने के बावजूद शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कचरे का ढेर बना हुआ है। आज सुबह जब नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल मच्छी बाजार क्षेत्र में पहुंचे तो वहां भी कचरे का ढेर लगा हुआ मिला। सिंघल द्वारा झोन क्रमांक 2 एवं 12 के अंतर्गत चंद्रभागा पुल से कलाल कुई तक तथा चंद्रभागा पुल से मच्छी बाजार रोड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मास्टर प्लान सड़क निर्माण कार्य में बाधक बने अवैध एवं अनावश्यक निर्माणों को हटाने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान मच्छी बाजार क्षेत्र में सड़क पर कचरा एवं गंदगी पाए जाने पर सिंघल ने कड़ा रुख अपनाते हुए झोन क्रमांक 2 के वार्ड क्रमांक 68 के सफाई दरोगा मनीष पथरोड एवं झोन क्रमांक 12 के वार्ड क्रमांक 59 के सफाई दरोगा जहीर खान द्वारा सफाई कार्य में लापरवाही बरतने पर दोनों का एक-एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। इसके साथ ही आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि उक्त क्षेत्र में सफाई व्यवस्था में शीघ्र सुधार नहीं किया गया, तो संबंधित क्षेत्रीय सीएसआई के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी।

सिंघल द्वारा बायपास स्थित होटल प्राइड से सिटी फॉरेस्ट तक 2.4 किलोमीटर लंबाई एवं 30 मीटर चौड़ाई की निर्माणाधीन मास्टर प्लान सड़क का भी निरीक्षण किया गया। लगभग 29.52 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित की जा रही इस सड़क के कार्य की प्रगति का अवलोकन करते हुए आयुक्त ने संबंधित एजेंसी एवं अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

# विधवा महिला की मजबूरी का फायदा उठाकर प्लॉट पर कब्जा करने की कोशिश

## पड़ोसी ने तोड़ी बाउंड्रीवाल, सामान भी ले उड़ा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**लसूड़िया थाना क्षेत्र में जमीन हड़पने की नीयत से एक विधवा महिला के साथ दबंगई का मामला प्रकाश में आया है। आरोपी ने महिला की बीमारी और लाचारी का फायदा उठाते हुए उनके खाली प्लॉट पर घुसकर तोड़फोड़ की और स्टोर रूम में रखा कीमती सामान भी गायब कर दिया।**

पुलिस के मुताबिक फिनिक्स टाउनशिप स्थित प्लॉट क्रमांक 409 और 410 की मालकिन कविता पंवार ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई है। कविता ने पुलिस को बताया कि वह विधवा हैं और पिछले कुछ समय से गंभीर रूप से बीमार चल रही है।हाल ही में उनका ऑपरेशन भी हुआ है, जिसके कारण वह अपने प्लॉट की देखभाल करने में असमर्थ थीं। इसी स्थिति का फायदा उठाते हुए उनके पड़ोसी राकेश विजयवर्गीय ने जमीन पर अवैध कब्जा करने की नीयत से बाउंड्रीवाल को ढहा दिया।

पीड़िता को जब स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना दी, तो वे मौके पर पहुँचीं। वहां देखा कि न केवल बाउंड्रीवाल टूटी हुई थी, बल्कि प्लॉट पर बना स्टोर रूम भी पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया था और उसमें रखा सारा सामान गायब था। आरोप है कि राकेश ने बलपूर्वक अनाधिकृत प्रवेश कर संपत्ति को भारी नुकसान पहुँचाया। लसूड़िया पुलिस ने आरोपी राकेश विजयवर्गीय के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस अब कॉलोनी के रहवासियों के बयान ले रही है और चोरी गए सामान का आकलन कर आरोपी की तलाश में जुटी है।

# एक्टिवा सवार महिला से छेड़छाड़, विरोध करने पर की गाली गलौज

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** एमआईजी थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ सरेराह छेड़छाड़ और अभद्रता का मामला सामने आया है। अपने घर लौट रही पीड़िता को पड़ोस में रहने वाले दो युवकों ने न केवल आपत्तिजनक इशारे किए, बल्कि विरोध करने पर उनके साथ गाली-गलौज भी की। पुलिस ने महिला की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ छेड़छाड़ और अन्य संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक कृष्णबाग कॉलोनी में रहने वाली 32 वर्षीय पीड़िता ने थाने पहुँचकर अपनी आपबीती सुनाई।पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह अपनी एक्टिवा से काम खत्म कर वापस अपने घर लौट रही थी। जैसे ही वह अपने घर के सामने पहुँची, वहां पहले से खड़े आरोपी देवेश कौशल और सोनू ने उसे देखकर गंदे इशारे करना शुरू कर दिए। आरोपियों ने महिला पर आपत्तिजनक कमेंट्स भी किए। जब महिला ने आरोपियों की इस हरकत का कड़ा विरोध किया और उन्हें फटकार लगाई, तो आरोपीगण भड़क गए। उन्होंने महिला के साथ सरेराह गाली-गलौज की और अभद्र व्यवहार किया। घटना के बाद पीड़िता ने परिजनों के साथ एमआईजी थाने पहुँचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों नामजद आरोपियों के खिलाफ छेड़छाड़ और गाली-गलौज के तहत मामला पंजीबद्ध कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# खजराना ब्रिज पर बाइक सवार लुटेरों का आतंक

## युवक ने दिखाई हिम्मत तो पीठ में घोंपा चाकू

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** पलासिया थाना क्षेत्र में खजराना ब्रिज के पास देर रात बाइक सवार तीन बदमाशों ने एक युवक के साथ लूट की कोशिश की। जब युवक ने मोबाइल देने से इनकार किया और पुलिस को फोन करने की बात कही, तो बेखौफ बदमाशों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक स्कीम-134 निवासी 38 वर्षीय प्रमोद कुमार पिता चेतराम शाक्य बीती रात करीब 2:45 बजे अपनी मोटरसाइकिल से रिंग रोड होकर गुजर रहे थे। जैसे ही वे खजराना ब्रिज के पास पहुँचे, पीछे से आए एक बाइक पर सवार तीन युवकों ने उनका रास्ता रोक लिया। बदमाशों ने प्रमोद को धमकाते हुए उनका मोबाइल फोन छीनने की कोशिश की।प्रमोद ने बदमाशों के आगे झुकने के बजाय हिम्मत दिखाई और कहा कि वह तुरंत '112' नंबर पर पुलिस को कॉल कर रहे हैं। पुलिस का नाम सुनते ही बदमाश एक पल के लिए सहम गए। इसी बीच प्रमोद ने अपनी बाइक स्टार्ट की और वहां से भागने का प्रयास किया, लेकिन तभी बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने प्रमोद की पीठ पर पीछे से चाकू मार दिया। हमले के बावजूद प्रमोद रुके नहीं और घायल अवस्था में ही सुरक्षित दूरी तक पहुँच गए।वारदात के बाद प्रमोद ने अस्पताल पहुँचकर इलाज कराया, जहाँ से पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस अब घटनास्थल और आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि संदिग्ध बाइक और बदमाशों की पहचान की जा सके।

# नर्मदा जलप्रदाय परियोजना का निरीक्षण



## आयुक्त ने दिए बीपी टैंक लीकेज सुधार कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश, प्रयोगशाला भी देखी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने जलूद एवं ग्राम भैसलाय क्षेत्र स्थित नर्मदा जलप्रदाय परियोजना के अंतर्गत पंपिंग स्टेशन एवं इंटेकवेल का अवलोकन किया गया।**

निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त आशीष कुमार पाठक, कार्यपालन यंत्री जी.एस. पटेल, प्रताप बुंदेला सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। आयुक्त और अधिकारियों ने जलूद एवं ग्राम भैसलाय क्षेत्र स्थित नर्मदा फेस-1, फेस-2, फेस-3 एवं फेस-4 के अंतर्गत पंपिंग स्टेशन, इंटेकवेल, स्काडा सिस्टम, पंप हाउस एवं पाइप लाइन का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। उन्होंने मौके पर अधिकारियों से यह जानकारी ली कि किस प्रकार मां नर्मदा से जल को पंप कर इंदौर शहर तक लाया जाता है, जल शोधन की प्रक्रिया कैसे की जाती है तथा किस प्रकार क्लोरीनीकरण कर नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जाता है। जल शोधन संयंत्र की प्रयोगशाला का भी अवलोकन किया गया, जहां उनके समक्ष जल गुणवत्ता परीक्षण कराए गए। आयुक्त द्वारा जलूद एवं भैसलाय स्थित फिल्टर प्लांट एवं पंप हाउस के निरीक्षण के दौरान बी.पी. टैंक में हो रही लीकेज कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या उत्पन्न न हो।

# कल फिर भागीरथपुरा की ओपीडी में आए 40 मरीज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**भागीरथपुरा में दूषित जल हादसा होने के बाद से जिला प्रशासन की पहल पर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा विशेष स्वास्थ्य केंद्र का संचालन किया जा रहा है। इसमें 24 घंटे ओपीडी चलाई जा रही है। इस ओपीडी में कल 40 मरीज पहुंचे। इन मरीजों में उल्टी दस्त से पीड़ितों की संख्या केवल दो थी।**

भागीरथपुरा में जब से दूषित जल हादसा हुआ है तब से वहां के रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य के प्रति जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग जागरूक हो गया है। वहां पर संजीवनी क्लीनिक का संचालन 24 घंटे किया जा रहा है। इसके साथ ही विशेष स्वास्थ्य केंद्र के रूप में एक सेंटर भी बनाया गया है। यह सेंटर भी 24 घंटे चल रहा है इन दोनों स्थानों पर पूरे समय डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहता है। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा रिंग सर्वेक्षण के तहत भागीरथपुरा में एक-एक घर में जाकर उस घर में रहने वाले एक-एक नागरिक के स्वास्थ्य का परीक्षण करने और उसका स्वास्थ्य कार्ड बनाने का कार्य भी किया जा रहा है। इसके साथ ही भागीरथ पुरा क्षेत्र में समग्र बेहतर स्वास्थ्य का अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा यहां पर घर-घर जाकर उल्टी दस्त की स्थिति से निपटने के लिए दवाइयां का वितरण किया जा चुका है। ओआरएस के घोल का पैकेट दिया जा चुका है। इसके साथ ही पानी को शुद्ध करने के लिए पानी में मिलाई जाने वाली दवा का पैकेट भी घर-घर में दिया जा चुका है। इतना सब किए जाने के बावजूद भागीरथपुरा में लोगों के बीमार होने और उनके सामने आने का सिलसिला बना हुआ है।

**इन मरीजों में उल्टी दस्त से पीड़ित केवल दो**

इंदौर जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हासानी ने बताया कि कल 1 दिन में भागीरथपुरा क्षेत्र में अलग-अलग बीमारी की स्थिति से पीड़ित 40 मरीज ओपीडी में पहुंचे हैं। इन सभी मरीजों का वहीं पर उपचार करते हुए उन्हें दवा दे दी गई है। इन मरीजों में से केवल दो मरीज ऐसे थे जो की उल्टी दस्त जैसी समस्या से पीड़ित थे। निश्चित तौर पर यह मरीज डायरिया के शिकार थे। इन मरीजों को भी दवा देकर उनके घर भेज दिया गया है। उनके स्वास्थ्य की स्थिति पर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा नजर रखी जा रही है। यदि उन्हें कहीं भी ज्यादा समस्या होना पाया जाएगा तो तत्काल निकट के अस्पताल में भर्ती करवा कर उनका उपचार किया जाएगा।

### 15 मरीज अस्पताल में

अभी भी भागीरथपुरा क्षेत्र में रहने वाले 15 नागरिक उल्टी दस्त के शिकार होकर अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती है। इन मरीजों में से 6 मरीज आईसीयू में है जबकि 9 मरीज सामान्य रूप से वार्ड में भर्ती हैं। इन सभी मरीजों का बराबर उपचार किया जा रहा है। उनके स्वास्थ्य पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा नजर रखी जा रही है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है की इन सभी मरीजों को पूरा उपचार मिले और वह जल्द से जल्द स्वस्थ होकर अपने घर लौट सकें।

## समाधान योजना में शत प्रतिशत सरचार्ज माफी इस माह के अंत तक

### 4.17 लाख उपभोक्ता लाभान्वित हो चुके है

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

मालवा निमाड़ में प्रतिदिन हजारों उपभोक्ता समाधान बिजली योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। रविवार शाम तक पश्चिम मप्र में 4.17 लाख उपभोक्ता लाभान्वित हो चुके हैं। एक मुश्त मूल बिजली बिल जमा कर सरचार्ज पूरा माफ कराने वालों की संख्या 2 लाख 25 हजार से ज्यादा रही, शेष एक लाख 92 हजार से ज्यादा उपभोक्ता किश्तों में बकाया राशि जमा करने का विकल्प चुनने वाले रहे। समाधान योजना से बिजली कंपनी को करीब 116 करोड़ रूपए का राजस्व मिला है, जबकि कंपनी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को 17.20 करोड़ रूपए की रियायत प्रदान की गई है। समाधान योजना का सबसे ज्यादा इंदौर जिले के 49 हजार से ज्यादा उपभोक्ताओं ने लाभ लिया है। उज्जैन और रतलाम जिले में 42-42 हजार उपभोक्ता लाभान्वित हुए समाधान योजना में सर्वाधिक सौ फीसदी सरचार्ज छूट की पात्रता 31 जनवरी तक प्रभावी है।



## टीचर्स अवॉर्ड सेरेमनी एवं सम्मान

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** कोचिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (सीएफआई) ने कल होटल में आयोजित आयोजन में प्रदेशभर के 93 शिक्षकों का सम्मान किया। इस सेरेमनी में जाने-माने टीचर्स, एजुकेशनल लीडर्स, कोचिंग इंस्टीट्यूट्स, एडटेक कंट्रीब्यूटर्स, पॉलिसी कंट्रीब्यूटर्स और एजुकेशन एंटरप्रेन्योर्स शामिल हुए। प्रोफेसर डॉ हर्षवर्धन हलवे, अंकित कलोतरा, रवि सुगंधी, अतिल अरोड़ा, सौरभ सिंह गौर, राजीव वर्मा, देवेंद्र बिलानी, जिन थॉमस, एनपी पाठक, स्वप्निल शर्मा, क्षितिज कानिक, कपिल जैन उपस्थित रहे। आशीष गम्भीर ने उक्त जानकारी दी।

## करोड़ों खर्च होने के बाद भी इंदौर की सड़कों पर गड्ढे बरकरार

### अक्टूबर माह के बाद से ही बंद है शहर में सड़क सुधार और पैचवर्क का काम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बारिश का मौसम खत्म होने के बाद से ही नगर निगम ने गड्ढे भरने की चिंता छोड़ दी है, जबकि शहरवासी सड़कों पर अभी भी गड्ढों की बड़ी समस्या से जूझ रहे हैं। वही महापौर पुष्यमित्र भार्गव शहर में लगातार सड़क सुधार के दावे कर रहे हैं। अक्टूबर माह में जब से बारिश खत्म हुई है तभी से गड्ढे पर बात होना भी बंद हो गई है। सड़कों की खुदाई का काम अभी भी जारी है और नए गड्ढे तैयार हो रहे हैं।

लोगों का कहना है की बारिश से अधिक गड्ढे तो ठंड के मौसम में दिखाई दे रहे हैं। वर्तमान में बारिश खत्म हो गई है तो नगर निगम ने भी सड़क सुधार का काम बंद कर दिया है जबकि बारिश में पैचवर्क की गई सड़क पर डामर ठहरता नहीं। अब पैचवर्क करने का अनुकूल मौसम है तो निगम ने काम रोक दिया है। नगर निगम ने बारिश खत्म होने के बाद शहर की मुख्य सड़कों के गड्ढे भरने का काम किया, लेकिन मुख्य सड़कों के अलावा शहर की किसी और सड़क पर नहीं हुआ। अभी भी रिंग रोड, बीआरटीएस, एमआर-10, बाणगंगा सड़क, पोलोग्राउंड, सहित शहर की सभी कालोनियों की सड़क सुधार का इंतजार कर रही है। वाहन चालक यहां से गुजरते हुए नगर निगम को जमकर कोस रहे हैं।। रोबोट चौराहा एमआर- 9 सड़क पर अभी भी वह गड्ढे बाकी है जो बारिश के पहले भरे नहीं गए। यही दुकान लगाने वाले केपी सिंह का कहना है कि 6 माह पहले भी सड़क में वैसे ही गड्ढे थे जो अभी हैं नगर निगम ने दिखावे के तौर पर केवल लोटस चौराहे के आसपास सड़क पर जो गड्ढे थे उन पर पैच वर्क किया लेकिन रोबोट चौराहा की ओर यह सड़क मिल रही है पूरे रास्ते में कोई पैच वर्क नहीं है। 4 माह बाद फिर से बारिश शुरू हो जाएगी इसके बाद बारिश का मौसम खत्म होने में चार माह का समय लग जाएगा मतलब साफ है कि सड़कों के भरने का काम राम भरोसे ही है।

नगर निगम की प्राथमिकता समय के साथ बदलती रहती है जब तक बारिश का मौसम था तब तक गड्ढों की बात की जाती थी लेकिन अब यह मौसम गुजर चुका है। गड्ढों में कीचड़ और पानी नहीं है, लेकिन गड्ढे बरकरार है, वाहन हिचकौले खाते हुए गुज़रते है। लेकिन अब इस पर कोई बात नहीं हो रही है। वर्तमान में केवल दूषित जल ही सबसे बड़ी समस्या बन गया है। जबकि सड़क दुर्घटनाएं हर दिन हो रही है, शहर की सड़कों पर वाहन चलाना भी आसान काम नहीं है।



## मंदिर के स्थापना दिवस पर अभिषेक और हवन

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** निपानिया आशीर्वाद विला सोसायटी में नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम के अन्तर्गत रुद्राभिषेक और हवन का आयोजन किया। सुन्दरकांड पाठ भी किया गया, आरती और प्रसादी का आयोजन भी हुआ। उक्त जानकारी अजय बियानी ने दी।

## इंश्योरेंस एम्पलाइज यूनियन का सम्मेलन

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** इंश्योरेंस एम्पलाइज यूनियन इंदौर का स्वर्ण जयंती सम्मेलन चार सत्रों में प्रतिनिधियों की मौजूदगी में आयोजित किया गया। आगामी तीन वर्षों में सैकड़ों कर्मचारी सेवानिवृत्त होने वाले है और नई भर्ती बंद है इसलिए यूनियन ने मांग की कि नई भर्ती की जाएं। भविष्य में बीमा उद्योग में बढ़ती प्रतिस्पर्धा को ध्यान में रखते हुए कर्मचारियों के लिए उन्नत प्रशिक्षण, कौशल विकास और तकनीकी दक्षता को अनिवार्य बताया गया। अधिवेशन के अंतिम सत्र में आगामी



कार्यकाल के लिए निम्नलिखित पदाधिकारी निर्वाचित घोषित किए गए। अध्यक्ष अनिल सुरवाडे, चंद्रशेखर चौहान, अशोक सिंह सिसोदिया अधिवेशन में वरिष्ठ उपस्थित साथियों में सुधाकर उर्धवार्शे, रमेश व्यास, धर्मराज महापात्र शामिल रहे। अजीत केतकर ने सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का अभिनंदन किया।

## प्रांतीय प्लास्टिक सर्जरी कैम्प का आयोजन होगा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** इंदौर संभाग स्वास्थ्य सेवाएं क्षेत्रीय संचालक ने बताया कि स्वर्णिम फाउंडेशन द्वारा 8 फरवरी को प्रांतीय स्तर का निःशुल्क प्लास्टिक सर्जरी कैम्प आयोजित किया जायेगा। निःशुल्क प्लास्टिक सर्जरी कैम्प में अमेरिका से आए विशेषज्ञ डॉक्टर एवं सर्जन मरीजों की जाँच करेंगे। मरीजों की जाँच सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक की जाएगी। जाँच के बाद चयनित मरीजों के निःशुल्क ऑपरेशन वर्मा यूनियन हॉस्पिटल, धार रोड पर किए जाएंगे। ऑपरेशन के दौरान मरीज के साथ एक अटेंडर के लिए निःशुल्क भोजन एवं ठहरने की व्यवस्था भी की गई है। इसके लिए क्षेत्रीय संचालक ने इंदौर संभाग के सभी 8 जिलो के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को पत्र लिखकर जिलो में संबंधित मरीजों की सम्पूर्ण जानकारी मांगी है। जिससे शिविर में प्रभावितों को लाभ दिया जा सके।



# माहेश्वरी महिलाओं का हल्दी-कुमकुम आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री माहेश्वरी डीडवाना 51 घर महिला संगठन द्वारा जानापाव में पारिवारिक पिकनिक एवं हल्दी कंकू कार्यक्रम किया। सोनल बाहेती, गीता माहेश्वरी ने बताया कि सभी माहेश्वरी महिलाओं ने हासलपुर बालाजी के दर्शन किए। जानापाव पहुंचकर भ्रमण किया और भगवान के दर्शन भी किए। हल्दी कंकू आयोजन के अलावा प्रतियोगी गैम भी खेले गए। अतिथि रमा शारदा थी। कार्यक्रम में रमा साबू, चंदा बल्दुआ, उर्मिला झंवर, अलका माहेश्वरी, किरण लाहोटी कृष्णा साबू, मधु झवर, कल्पना लखोटिया, रीटा परवाल अपनी भूमिका निभाई। आभार गीता माहेश्वरी ने माना।



# माहेश्वरी रॉयल ने किया गौ-दान और अन्नकूट आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** माहेश्वरी रॉयल्यस के संरक्षक कमलेश सीमा गगरानी ने बताया कि कल मौनी अमावस्या पर सेवा गतिविधि के अन्तर्गत विद्या धाम मंदिर गौशाला गौ-दान और गौ-अन्नकूट का आयोजन किया गया। गौ-पूजन कर आरती भी उतारी गई। बटुकों के भोजन का आयोजन भी किया गया। ओमप्रकाश स्वाति टावरी, अजय सरिता सोडानी, सागरमल उषा खटोड़, सुरेश मधु जाजू, मधुसूदन अलका सोडानी, विनोद चंद्रिका झंवर, आशीष आभा मंत्री, नन्दकिशोर उषा मंत्री, सुरेश सुषमा चिंचाणी, अशोक आशा अजमेरा सहित अन्य मौजूद थे।



# छात्रा निक्की मिस्त्री ने किया तलवार से प्रदर्शन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** राऊ विधानसभा में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में कसेरा बाजार स्कूल की छात्रा देविका पाल उर्फ निक्की मिस्त्री ने तलवारबाजी का प्रदर्शन किया। निक्की को मंच से सम्मानित भी किया गया। बालिकाओं ने विशेष प्रदर्शन भी किया। क्षेत्रीय विधायक मधु वर्मा ने भी निक्की पाल की सराहना कर नकद पुरस्कार देने की घोषणा की।

# जैन परवार सभा का सम्मेलन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** दिगंबर जैन परवार सभा के परिचय सम्मेलन में मंच से कल नृसिंह वाटिका में परिचय भी दिया। कई



रिश्ते कगार पर भी पहुंचे। परिचय पत्रिका का विमोचन भी किया गया। अनिल जैन सप्पु, संदीप जैन गिन्नी, अनिल रावत, राकेश जैन चेतक, अनिल जैनको संदीप जैन गिन्नी , सुदीप जैन सतीश डबडेरा, शरद रावत, डॉ जैनेंद्र जैन, कमल जैन, नेमीचंद बडकुल, विपुल बांझल, राजीव जैन, राजकुमार पाटौदी, सुशील पांड्या, दिनेश जैन, प्रदीप बल्ला, पार्षद राजीव जैन, मुक्ता जैन, वंदना जैन, सपना जैन, अखिलेश जैन, आशीष जैन, काव्या जैन, आस्था सिंघई, भूपेंद्र जैन, ज्योति जैन मौजूद थे।

# अवध समाज का आयोजन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अवध समाज साहित्यिक संगठन ने मासिक आयोजन में रचनाकारों ने प्रस्तुतियां दी। मदनसिंह राणे, नरेन्द्र कुरील अतिथि थे। राहुल निहोरे, भानू ओझा, मसूद अली, शरीफ कैफ, हरीस हंस, लियाकत भारती, शाकीर नक्शबंदी, सुखदेव खड़बड़ीकर, हीरालाल वर्मा, ज्ञानी रायकवार ने अपनी भूमिका निभाई।

# परशुराम सेना करेगी आज कैलेंडर का विमोचन

**इंदौर।** परशुराम सेना के अनूप शुक्ला, विजेन्द्र दीक्षित ने बताया कि तिथि दर्पण वार्षिक कैलेंडर का विमोचन आज शाम 6 बजे परशुराम वाटिका मरीमाता चौराहा पर साधु, संतों और समाजजनों की मौजूदगी में किया जाएगा, सम्मान का आयोजन भी होगा। संस्था के संरक्षक संजय शुक्ला एवं संस्था के दीपक शर्मा, प्रकाश शर्मा पप्पी भी मौजूद रहेंगे।

# वीर अलीजा पर सजेगा फूलबंगला, होगा चालीसा पाठ

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पंचकुइया रोड स्थित वीर अलीजा हनुमान मंदिर पर 24 जनवरी को प्रभुवानंद महाराज की पुण्यतिथि अवसर पर पुण्य स्मृति महोत्सव मनाया जाएगा। मंदिर के गादीपति पवनानंद महाराज ने बताया कि शनिवार को सुबह 5 बजे सदगुरु भगवान की चरण पादुका का अभिषेक होगा जिसके बाद फूलबंगला श्रृंगार दर्शन होंगे। सुबह 9 बजे 108 हनुमान चालीसा पाठ होगा। वहीं शाम 6 बजे महाआरती के बाद प्रसादी का वितरण होगा।



# हिन्दू सम्मेलन में कलश यात्रा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** संघ के शताब्दी वर्ष पर क्रांति कृपलानी नगर से भी सिंधु मातृशक्ति ग्रुप द्वारा आयोजन के अन्तर्गत कलश यात्रा निकाली गई। संजय बत्रा, मंजु ठाकुर, कमल परियानी, जगदीस रिझवानी, बंटी गिदवानी, मंशाराम राजानी ने अपनी भूमिका निभाई।

# धाकड़ महासभा ने बनाई कार्यकारिणी



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अखिल भारतीय श्री धाकड़ महासभा ने सनावदिया में जिला स्तरीय मिलन समारोह का आयोजन किया। इसमें जिला कार्यकारिणी की घोषणा अध्यक्ष प्रकाश रावलिया ने की। उपाध्यक्ष मेहरबान सिंह पटेल एवं इन्दरसिंह पटेल, जिला महामंत्री सुरेश नागर, विजय नागर, जिला मंत्री रवि नागर, मीडिया प्रभारी जगदीश पटेल, अमित नागर को जिम्मेदारी सौंपी। कार्यक्रम में प्रकाश रावलिया, उमानारायण पटेल, बाबूलाल पटेल, दिनेश मल्हार, रवि रावलिया, मनीष पटेल, विभुति पटेल मौजूद थे।

# गौ सेवा समिति ने कराई गौ पेटपूजा



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** गौ सेवा समिति से जुड़े धार्मिक सदस्यों ने कल मौनी अमावस्या पर श्री सौभाग्य सूरि गौशाला धरावराधाम कलारिया जाकर गौसेवा के अन्तर्गत गौ पेटपूजा कराई। गौपूजन कर आरती भी उतारी गई। गायों को हरी सब्जियों का भी सेवन कराया गया। विजय शारदा श्याम, चन्द्रशेखर नीमा, विष्णु गुप्ता, बीएल तिवारी, लक्ष्मीनारायण राठी, भेरूलाल सहलोत, जगदीश बंसल, किरण नीमा, अदिति नीमा, बादल नीमा, अनिल नीमा, एनके व्यास, अमृतलाल माटे, बलराम बजाज, प्रदीप फण्डसे, राजेन्द्र नीमा, सुरेश नीमा, प्रेम जेठा, डॉ. संगीता भंडारी, डॉ. कमल भंडारी, गोपालदास राठी, जगदीश झंवर, किरण नीमा, संगीता नीमा, सरला गोयल, उमा नीमा सहित अन्य मौजूद थे।

# दिगम्बर जैन बघेरवाल समाज की शपथ विधि



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

दिगम्बर जैन बघेरवाल समाज की नव-निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह वरिष्ठजनों, मातृशक्ति एवं युवा वर्ग की मौजूदगी में किया गया। प्रो. राजेन्द्र बाबरिया ने नए पदाधिकारियों योगेश हरसोरा, नीलेश चौधरी, योगेन्द्र बघेरवाल, मोहित चौधरी को शपथ दिलाई। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा भी अतिथि थे।

# गार्डन में हुआ हिन्दू सम्मेलन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बेटमा के बियाणी गार्डन में बडे रूप में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। समिति पदाधिकारियों ने माँ भारती के चित्र पर माल्यार्पण, शस्त्र एवं शास्त्र के पूजन एवं गौमाता का पूजन किया। छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। गमेश मलखंब द्वारा हनुमान चालीसा पर साहसिक करतब दिखाए। मोहन जोशी, दिनेश गर्ग, माया खंडेलवाल, भूपेंद्र पंचोली, रवि यादव ने अपनी भूमिका निभाई।



# भैरवनाथ बाबा का श्रृंगार, पूजन और आरती, चलित भंडारा





**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कल मौनी अमावस्या पर केसरिया भैरवनाथ मंदिर नगारची-बर्तन बाजार में भैरव बाबा का विशेष श्रृंगार कर चोला चढ़ाया गया, भोग में लगाया और चलित भंडारा का आयोजन भी करते हुए भक्तों को प्रसाद वितरित किया। इसका आयोजन इन्दौर मालवा गुरव समाज द्वारा किया गया।



# निराश्रित व्यक्ति का निधन, सहयोग से अंतिम संस्कार

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** उज्जैन के एक निराश्रित व्यक्ति का उपचार के बाद इन्दौर में निधन होने के बाद उनके अंतिम संस्कार के लिए कोई नहीं था इसलिए श्री एकाक्ष सामाजिक सेवा संस्था द्वारा विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार कराया गया। संस्था के पदाधिकारियों नरेंद्र वर्मा, सुनील ठाकुर, सन्नी जैसवाल, रामगोपाल श्रीवास्तव,हर्षल चौहान, हिमांशु सक्सेना एवं उनके साथियों द्वारा जूनी इंदौर मुक्तिधाम में मृतक का विधिवत अंतिम संस्कार संपन्न कराया गया। वहीं मां वैष्णो देवी भक्त मंडल के धर्मेंद्र जोशी द्वारा सूचना दी गई कि जूनापीठा क्षेत्र के एक जरूरतमंद परिवार में मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार हेतु पंचकुइया मुक्तिधाम में लकड़ी एवं कंडों की आवश्यकता थी। इस पर श्री एकाक्ष सामाजिक सेवा संस्था द्वारा सहयोग राशि प्रदान कर अंतिम संस्कार में सहायता की गई।



# सेन समाजजनों ने बप्पा को दिया निमंत्रण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

श्री शेखावाटी सेन समाज (पंचायत) द्वारा श्री चारभुजा नाथ मंदिर मल्हारगंज पर तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन 5 से 7 फरवरी तक किया जाना है। जिसका पहला निमंत्रण बड़ा गणपति बप्पा को दिया गया। 5 फरवरी को मंगल कलश यात्रा भी बडा गणपति से चारभुजानाथ मन्दिर तक निकाली जाना है। साथ ही 6 और 7 फरवरी को भी आयोजन होंगे। अंतिम दिन प्रसादी भी होगी। आयोजन से नीलेश सेन शेलू, मदनलाल सेन, जगदीश सेन, मूलचंद सेन, नवरतन बैराठी, अमरचन्द सेन, जगदीश नरखले, मंगल आमेरीया, लक्ष्मण सेन, महेशकुमार जाईवाल, सुरेशचन्द वर्मा, राजेन्द्रकुमार सेन, कन्हैयालाल सेन, मनीष चौहान, राजेश मीर्दवाल, सुरेश साईवाड़, महेश सेन, रामलाल सेन जुडे हुए है।

# जैन संत ललितप्रभ एवं मुनि शांतिप्रिय के होंगे प्रवचन



## 24 से 26 जनवरी तीन दिनों तक बास्केटबाल काम्पलेक्स में अमृत वर्षा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। राष्ट्रसंत ललितप्रभजी एवं डॉ. मुनि शांतिप्रिय महाराज हैदराबाद से पद विहार करते हुए इंदौर आ रहे है। आध्यात्मिक सत्संग समिति के तत्वाधान में यहाँ 24 से 26 जनवरी तक प्रतिदिन सुबह 9 से 11 बजे तक 'जीवन को स्वर्ग बनाने की कला' जैसे आम लोगों के लिए उपयोगी विषय पर दोनों संतों के प्रवचनों का आयोजन रेसकोर्स रोड स्थित साध्वी मयणाश्रीजी बास्केटबाल पर किया जाएगा। दिनेश डोशी, रोहित जैन एवं मनीष चोपड़ा ने बताया कि तीनों दिन श्रद्धालुओं को निर्धारित समय के पूर्व बास्केटबाल परिसर पहुंचना होगा। जैन समाजजनों के अलावा आम लोगों के लिए भी कार्यक्रम खुला रहेगा।

# मासूम छात्रा अपेक्षा कामले पुरस्कृत



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। विदुर नगर स्थित न्यू गोल्डन फ्यूचर स्कूल के वार्षिक महोत्सव कार्यक्रम मे केजी सेकंड की अपेक्षा कामले को पिछली कक्षा मे द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर सर्टिफिकेट और मैडल देकर पुरस्कृत किया गया। उक्त अवसर पर स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकगण और छात्रगण मौजूद थे। मुरलीधर मेटांगे ने उक्त जानकारी दी।

# हास्य की क्रियाएं बताई



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। भैयाजी हास्य एवं योगा ग्रुप नार्थ राजमोहल्ला मे विश्व हास्य योग महासंघ के महासचिव हास्य सम्राट रमेशजी मोर्य ने हास्य योग की स्वास्थ्य हितकारी व अनेक रोगों में लाभकारी क्रियाओं का जीवंत प्रदर्शन कर खूब हंसाया जिससे खूब जोरदार ठहाको से पूरा गार्डन परिसर बार बार गूंजता रहा। इस मौके पर श्री मोर्य ने चुटकुले सुनाकर सबको लोटपोट कर दिया। क़ैलाशचंद्र खंडेलवाल, रमेश मोर्य का स्वागत भी किया गया। घनश्याम मित्तल, कुणाल अग्रवाल, राधाकिशन भैया, पंकज सराफ, विपिन जैन, महेश मून्दड़ा,राकेश व्यास, मुकेश पटवा, श्री राठोर, अंजू लड्डा, किरण शर्मा, रेखा गर्ग, प्रभा शर्मा सहित ग्रुप के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# कोल्ड चेन इंडस्ट्री एसोसिएशन का महोत्सव



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। कोल्ड चेन सेक्टर के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कोल्ड चेन इंडस्ट्री एसोसिएशन, मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित दो दिवसीय स्वर्ण जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। कर्मचारियों के बच्चों को 4 लाख रु. की छात्रवृत्ति दी गई। कोल्ड स्टोरेज के भविष्य की संभावना और चुनौतियों पर भी चर्चा की गई।साधारण सभा में सदस्यों ने शिरकत की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी हुई। कोल्ड स्टोरेज में तकनीकी बढ़ावा और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने की दिशा में ठोस पहल करना है। हंसमुख गांधी, जगदीश पटेल, अजीत वाधवानी ने उक्त जानकारी दी।

# मठ पर लक्ष्मीनारायण महायज्ञ

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। हंसदास मठ पर लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का आयोजन हंस पीठाधीश्वर स्वामी रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सानिध्य में किया जा रहा है जो 23 जनवरी तक चलेगा।



# सनाढ्य ब्राह्मण समाजजन पहुंचे गणेश मंदिर

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। श्री सनाढ्य ब्राह्मण समाज द्वारा परिचय सम्मेलन और मिलन का आयोजन 29 मार्च को शुभकारज गार्डन में किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर सनाढ्य ब्राह्मण समाजजनों ने खजराना गणेश मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से बाबा को निमंत्रण दिया। देवेन्द्र शर्मा, कपिल शर्मा, पप्पू शर्मा, नरेन्द्र तिवारी, भगवती शर्मा, अनिल शर्मा, राधेश्याम शर्मा, दीपक शर्मा, संतोष पाराशर, संजय बिरथरे, तरुण बिरथरे, संजय जारोलिया, राजेन्द्र दुबे, शेखर शुक्ला, संजय उपाध्याय, अजय वशिष्ठ, हेमंत शर्मा, संजय बुधोलिया, उमेश तिवारी, अशोक शर्मा, संजीव वशिष्ठ, पुष्पा शर्मा, वन्दना शर्मा, अनिता शर्मा, राखी शर्मा, ममता बुधोलिया, संध्या गोस्वामी, शुषमा पाराशर, सरिता वशिष्ठ, नीति बिरथरे, दर्शाना शर्मा,वंदना उदैनिया, रेणुका श्रोत्रिय, भावना पाराशर सहित अन्य मौजूद थे।

# छात्रों ने सीखे उद्यमशीलता के मंत्र



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। नवाचार और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अटल इन्क्यूबेशन सेंटर, प्रेस्टीज इंस्पायर फाउंडेशन द्वारा प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च में एंटरप्राइज एवं स्टार्टअप अवेयरनेस सत्र का आयोजन किया गया। बीबीए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों ने इस सत्र में भाग लेकर स्टार्टअप संस्कृति, नवाचार और उभरते उद्यमशील इकोसिस्टम की गहन समझ प्राप्त की। डेविश जैन, डॉ. एस रमण अय्यर, डॉ. नितिन कांठेड, डॉ. मनीषा सिंघई, प्रो. अदिति गायकवाड़ शर्मा, प्रो. नेहा शर्मा, प्रो. रितिका जैन और डॉ. सौरभ सिंह भी उपस्थित रहे।



# जैन समाजजन पहुंचे सेवा के लिए दृष्टिबाधितों के बीच

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। विद्यासागर सोशल ग्रुप के पदाधिकारियों ने सेवा कार्य के अन्तर्गत दृष्टिबाधितों के बीच किला मैदान स्थित दृष्टिहीन कल्याण संघ पहुंचकर स्वल्पहार और फल वितरण का आयोजन किया। सतीश जैन, संतोष जैन, सतीश- सरिता जैन, संतोष जैन, अरविंद दिवाकर, डॉ. राहुल जैन-अभिलाषा जैन, पवन -अभिलाषा जैन, नवीन जैन, सुरेश जैन, मयंक जैन, अंकित-पूजा जैन मौजूद थे।

# संगीत संध्या में सुरमयी प्रस्तुति

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। म्यूजिकल संस्था संगीत सरिता द्वारा प्रेस क्लब सभागृह में संगीत संध्या फिल्मी नगमों से सजी सुरमई संगीत संध्या का आयोजन रखा गया। दीपक शर्मा, श्रद्धा नागर, हर्ष मेहता, वंदना नागर, सुलेखा एवं भूषण कुलकर्णी, राजू छाबडा, ममता ठाकुर, अश्विनी व्यास, पुनिता व्यास ने एक के बाद कई प्रस्तुतियां दी।



# सोलंकी बने युवा अधिवक्ता परिषद प्रभारी



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। अधिवक्ता परिषद, जिला न्यायालय इन्दौर इकाई द्वारा शुभम सोलंकी को युवा प्रभारी का दायित्व दिया गया। सोलंकी की नियुक्ति पर उन्हें अधिवक्ताओं सहित कई लोगों ने बधाई दी।

# गुरव समाज का हल्दी-कुमकुम आयोजन



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। गुरव समाज समाज के पवन देवराय, संदीप पंवार ने बताया कि कल रविवार को समाज की मातृशक्तियों का हल्दी कुमकुम का आयोजन किया गया। पश्चिमी क्षेत्र की सैकडों मातृशक्तिया ने पारंपरिक गीत एवं भजन गाए और एक दूसरे को हल्दी कुमकुम लगाया । पंचायत के द्वारा सभी मातृशक्तियों को स्टील के डब्बे तिल के लड्डू और टिकी कुमकुम दिए।

# भोजशालामय हुआ धार, बाल मनुहार रैली में नन्हें-मुन्ने बच्चे उमड़े

## दादा-दादी, काका-काकी, भय्या-भाभी चलो भोजशाला के जय घोष से गूंजा शहर

**धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि नितिन राठौर)।** धार शहर की गलियों में गूंजता 'दादा चलो भोजशाला, काका चलो भोजशाला' का यह स्वर केवल एक नारा नहीं, बल्कि मां वाग्देवी के प्रति अटूट आस्था का प्रतीक है। बाल मनुहार रैली का आयोजन भोज उत्सव समिति द्वारा बसंत पंचमी के पावन अवसर पर किया गया है।






भोजशाला और मां वाग्देवी के प्रति आस्था, विश्वास, दीवानगी रविवार को धार नगर की सड़कों पर देखने को मिली, ज़ब नगर के बाशिंदो को भोजशाला मे बसंत पंचमी को अखण्ड पूजा का निमंत्रण देने बाल-मनुहार यात्रा के माध्यम से नंन्हे-मुन्ने बच्चे हाथो मे भगवा झंडा और थाली, चम्मच, डमरू, ढोल लेकर नगर की सड़को पर निकले। इस रैली का मुख्य उद्देश्य नगरवासियों को 23 जनवरी शुक्रवार को बसंत पंचमी के अवसर पर भोजशाला में आयोजित होने वाली अखंड पूजा और हवन के लिए आमंत्रित करना है। रैली में हजारों नन्हे-मुन्ने बच्चे हाथों में भगवा ध्वज, थाली-चम्मच, डमरू और ढोल लेकर निकले। वे अपने मासूम अंदाज में बड़ों से भोजशाला चलने की 'मनुहार' (विनती) कर रहे थे। इस विशाल रैली की शुरुआत धार के लाल बाग से हुई, जो शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए शाम को भोजशाला पहुंचकर संपन्न हुई,इस वर्ष बसंत पंचमी शुक्रवार को होने के कारण हिंदू समाज सूर्योदय से सूर्यास्त तक निर्बाध रूप से पूजा करने की अनुमति की मांग कर रहा है। वाग्देवी के प्रति यह आस्था दिखाती है कि नई पीढ़ी अपनी जड़ों और सांस्कृतिक विरासत से कितनी गहराई से जुड़ी हुई है। बच्चों के इस सैलाब ने पूरे धार शहर को 'भोजशाला मय' कर दिया है, जिससे आगामी उत्सव के प्रति उत्सुकता और बढ़ गई। आयोजन की संवेदनशीलता और भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने शहर में धारा लागू कर रखी है और बतौर सुरक्षा के लिए सैकड़ों पुलिस बल तैनात किया गया है।

# तेरहवीं में माँ की स्मृति में रक्तदान शिविर

## गरुड़ पुराण समापन और द्वादश श्राद्ध में अनूठी पहल, थैलेसीमिया व सिकलसेल मरीजों के लिए समर्पित

**खरगोन (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** मां रमा रसिक बिहारी पुरोहित की स्मृति में मध्यप्रदेश रेडक्रॉस सोसायटी के पूर्व चेयरमैन एवं आशुतोष पुरोहित ने तेरहवीं पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। धार्मिक और सामाजिक जिम्मेदारी खरगोन में देखने को मिली जब गरुड़ पुराण समापन और तेरहवीं के कार्यक्रम पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन कर माँ की स्मृति को सच्ची श्रद्धांजलि दी गई। बड़ी संख्या में निकट के लोगों ने रक्तदान किया। इनमें बेटे, पोते,पोती सहित सात महिलाएं भी शामिल है जिन्होने रक्तदान किया। अमिय पुरोहित, अंशुल पुरोहित और भतीजे डॉ अनुराग पुरोहित ने बताया कि माँ की स्मृति में आगे भी प्रतिवर्ष रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर जीवनदायी रक्त मिल सके। रमा पुरोहित का 6 जनवरी को निधन होने के बाद जिला अस्पताल खरगोन के ब्लड बैंक प्रभारी डॉ विनय सिह चौहान ने कहा कि दुख के अवसर पर द्वादश श्राद्ध में रक्तदान को लेकर अनूठी जागरूकता पहल की गई है। ख़रगोन में तेरहवीं पर इस तरह का रक्तदान आयोजन पहली बार हुआ। ब्लड बैंक टेक्निशियन सचिन चौहान ने भी शिविर की सराहना की।

श्रद्धांजलि का नया स्वरूप पगड़ी एवं तेरहवीं जैसे धार्मिक आयोजनों में रक्तदान शिविर का आयोजन समाज के लिए प्रेरणादायी पहल है। इससे न केवल जरूरतमंद मरीजों को लाभ




मिलता है, बल्कि समाज में सेवा और संवेदनशीलता की भावना भी मजबूत होती है। शिविर आयोजन के लिए ब्लड बैंक टीम जितेंद्र गुप्ता, हरीश चौबे, महेंद्र खण्डे, कृष्णा चौहान से सम्पर्क कियाजा सकता है।

# ग्रामीण युवाओं को सिखाएंगे सुदर्शन क्रिया

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक सिखाएंगे ग्रामीण युवाओं को सुदर्शन क्रिया और नेतृत्व गुण, इस मुद्दे पर आर्ट ऑफ लिविंग से सरकार का समझौता ज्ञापन दिया गया।



श्रीश्री रविशंकर की संस्था आर्ट ऑफ लिविंग के बंगलोर आश्रम में प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा प्रदेश के करीब 55 हजार गांव में सरकार के साथ मिल कर युवाओं में उमंग, उत्साह सकारात्मक सोच के साथ स्वयं के व्यक्तित्व विकास आत्मनिर्भरता सीखने के साथ और मजबूत राष्ट्र निर्माण में सक्षम बनाने हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में युवा नेतृत्व विकास कार्यक्रम के शिविर आयोजित करेगी। इन शिविरों में युवाओं को समाज में हो रहे परिवर्तन को सकारात्मक रूप से लेकर जीवन में राष्ट्र के प्रति कर्त्तव्य निभाते हुए मजबूत प्रभावी व्यक्तित्व बनाने के गुर सिखाएंगे जायेंगे। इस सम्बन्ध में संस्था और मध्यप्रदेश सरकार के मध्य सज्जित ज्ञापन पर हस्ताक्षर ही चुके है, जिसमे संस्था में राष्ट्रीय समन्वयक राजीव नबियार और म प्र सरकारकी ओर से सीईओ आशीष कुमार ने हस्ताक्षर किए। संस्था के द्वारा बताया गया शीघ्र ही यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश के समस्त प्रशिक्षक द्वारा सभी जिलों के गांव में प्रारंभ किए जाएंगे।

# कॉलेज में विकासखण्ड स्तरीय व्याख्यान माला



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश कार्यक्रम के अंतर्गत 'स्वामी विवेकानंद का जीवन एवं युवा भारत' विषय पर विकासखण्ड स्तरीय व्याख्यान माला का आयोजन शासकीय होलकर महाविद्यालय में किया गया। ऋतुजा पहाडे, विशाल पुरोहित, भक्ति चंदेल, मनीष शाह, राहुल पटेल,सुनील सराठे, मिनाक्षी मिश्रा ने अपनी भूमिका निभाई।




# बच्चों में जागरूकता और बाल विवाह को लेकर कार्यशाला

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धार रोड सिरपुर एवं बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजलपुर में कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें बच्चों के प्रति जागरूकता और बड़ों में बाल विवाह ना करने की बात भी बाल विवाह विरोधी उड़नदस्ता के प्रभारी महेंद्र पाठक ने कही। विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष और प्रधान न्यायाधीश श्री अजय श्रीवास्तव, सत्र न्यायाधीश सचिव श्री शिवराजसिंह गवली के निर्देशन में हुई।

इस दौरान हरीश सोनी, लालसिंह चौधरी, शंकरलाल पोरवाल, देवेन्द्र पाठक, संगीता सिंह, शैलेष शर्मा मौजूद थे। अंत में कार्यशाला में उपस्थित 250 से अधिक छात्र-छात्राओं और विद्यालय स्टाफ को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बाल विवाह रोकथाम की शपथ भी दिलाई गई।



## संपादकीय

### संकीर्ण सोच के चलते अधर में अनाथों का भविष्य, आखिर बड़ी उम्र के बच्चों को गोद लेने से क्यों कतराते हैं दंपति?

अगर निसंतान दंपति अपनी सामाजिक सोच बदलें, तो बड़ी उम्र के बच्चों को भी परिवार मिल सकता है और उनका भविष्य संवर सकता है। वैसे भी बड़े बच्चे समझदार होते हैं और धीरे-धीरे माता-पिता से जुड़ाव के साथ नए परिवार में भी घुल-मिल जाते हैं। यह विचित्र विडंबना है कि एक ओर बड़ी संख्या में दंपति बच्चों को गोद लेने के लिए बरसों इंतजार करते हैं, तो दूसरी ओर ऐसे अनाथ बच्चे भी हैं, जो उम्र बढ़ने के साथ गोद लिए जाने से वंचित रह जाते हैं। केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण के आंकड़े बताते हैं कि गोद लेने के मामले में समाज का नजरिया किस कदर संकुचित है। इस समय प्राधिकरण के पास ऐसे कई बच्चे हैं, जिनकी उम्र छह वर्ष या इससे अधिक हो गई है। यह दुखद है कि कई दंपति बच्चा तो गोद लेना चाहते हैं, लेकिन साथ ही उम्र सीमा भी तय कर देते हैं। आज भी लोग नवजात शिशु अथवा पांच साल तक के बच्चों को ही गोद लेना पसंद करते हैं। सवाल है कि संतान सुख पाने के लिए क्या यह नजरिया सही है? उम्र और रंग-रूप के आधार पर बच्चों में भेदभाव करने की प्रवृत्ति को स्वस्थ सोच कहा जा सकता है? गौरतलब है कि गोद लेने की प्रक्रिया के साथ प्रतीक्षा सूची लंबी होने का खमियाजा बच्चों को ही भुगतना पड़ता है। कई बार दंपति की जटिल शर्तों से उनकी उपेक्षा ही होती है। इस जद्दोजहद के बीच कई बच्चे पांच-छह साल की उम्र पार कर जाते हैं और उनके गोद लिए जाने की उम्मीद धुंधली होती जाती है। अगर निसंतान दंपति अपनी सामाजिक सोच बदलें, तो बड़ी उम्र के बच्चों को भी परिवार मिल सकता है और उनका भविष्य संवर सकता है। वैसे भी बड़े बच्चे समझदार होते हैं और धीरे-धीरे माता-पिता से जुड़ाव के साथ नए परिवार में भी घुल-मिल जाते हैं। अगर दंपति धैर्य रखें और ऐसे बच्चों को प्यार एवं प्रोत्साहन दें, तो यह उनके लिए भी सुखद होगा। निस्संदेह हर बच्चे का अपना घर-परिवार होना चाहिए। इसलिए सामाजिक सोच में बदलाव जरूरी है, ताकि अनाथ बच्चों को भी सामान्य बच्चों की तरह खुशहाल जिंदगी मिल सके और वे अपने सपनों को पूरा कर सकें। परिवार में शामिल होने पर अनाथ बच्चे खुद को मूल्यवान महसूस करते हैं व इससे न केवल उनका आत्मविश्वास बढ़ता है, बल्कि वे समाज में सम्मान के भी हकदार होते हैं।

## हार से निराश दिखे कप्तान गिल ने कहा

### भारतीय टीम में काफी क्षेत्रों में सुधार की जरूरत

इंदौर। कप्तान शुभमन गिल ने रविवार को न्यूजीलैंड से वनडे सीरीज गंवाने के बाद कहा कि विराट कोहली की शानदार फॉर्म और हर्षित राणा का ऑलराउंड प्रदर्शन सकारात्मक पहलू हैं लेकिन भारतीय टीम में काफी क्षेत्रों में सुधार की जरूरत है। कोहली ने अपना रिकॉर्ड 54वां वनडे शतक लगाया लेकिन भारत 338 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 46 ओवर में 296 रन पर ऑलआउट होकर 41 रन से हार गया। नीतीश कुमार रेड्डी (53) और राणा (52) के अर्धशतकों के बावजूद मेजबान टीम लक्ष्य से काफी पीछे रह गई। गिल ने मैच के बाद ब्रॉडकास्टर्स से बात करते हुए कहा, 'पहले मैच के बाद और यहां 1-1 पर आने के बाद हम जिस तरह से खेले, उससे हम निराश हैं। कुछ ऐसे विभाग हैं जिन्हें हमें देखना होगा, सोचना होगा और बेहतर करना होगा। जिस तरह से विराट बल्लेबाजी कर रहे हैं, वह हमेशा एक सकारात्मक पहलू है।' हर्षित राणा की तारीफ करते हुए शुभमन गिल ने कहा-जिस तरह से हर्षित ने इस सीरीज में बल्लेबाजी की है, वह शानदार है। आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं है। जिस तरह से उन्होंने आगे बढ़कर प्रदर्शन किया और जिस तरह से तेज गेंदबाजों ने इस सीरीज में गेंदबाजी की, वह भी अच्छा था।

गिल ने कहा, विश्व कप को ध्यान में रखते हुए हम नीतिश रेड्डी मौके देना चाहते हैं और हम उसे पर्याप्त ओवर देना चाहते हैं और देखना चाहते हैं कि किस तरह के संयोजन हमारे लिए काम करते हैं और किस तरह की गेंदबाजी उसके लिए काम करती है।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| | |
|---|---|
| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
| 146100 | 144500 |
| सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| 286000 | 301315 |

चांदी एमसीएक्स पर 3 लाख पार ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

## मराठी सोशल ग्रुप सम्मेलन में कई रिश्ते कगार पर



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। क्षत्रिय मराठा सोश्यल ग्रुप का दो दिवसीय अ.भा. रजत जयंती परिचय सम्मेलन का आयोजन गांधी हॉल में आयोजित किया गया। कल दूसरे दिन भी प्रत्याशियों ने परिचय दिए और कई रिश्ते पर बातचीत अंतिम दौर पर पहुंच गई है। गिरीश चव्हाण, पूर्णिमा चव्हाण ने बताया कि कुलदेवी की आरती कल भी की गई। विनोद गोयल ने प्रत्याशी परिचय दिया। अशोक मेहता, नमिता गरूड़, रागिनी पवार विवेक कदम, अजय शुक्ला, रोहित जाधव, सम्भाजी गुंजाल ने भी अपनी भूमिका निभाई।

## हिन्दू सम्मेलन में मातृशक्तियों का आयोजन



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर पंचवटी कॉलोनी देवास नाका में हिंदू सम्मेलन में मातृशक्तियों ने भी अपनी भूमिका निभाई। एकत्रीकरण भी किया गया।

## मध्यप्रदेश ट्रायलथान संघ का निर्वाचन



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश ट्रायथलान संघ की नवीन कार्यकारिणी का निर्वाचन रेसीडेंसी क्लब में निर्वाचन अधिकारी माजिद खान, पर्यवेक्षक राजेश चौबे, ओपी अवस्थी की मौजूदगी में किया। संरक्षक पूजा पाटीदार, चैयरमेन-विजयपाल सिंह विधायक सोहागपुर, अध्यक्ष-श्रीकांत तिवारी, उपाध्यक्ष-जेपी सक्सेना, हरीश शुक्ला, चित्रेश शर्मा, शेखर तिवारी, सचिव-उमाशंकर व्यास, कोषाध्यक्ष-एसएन पंडित, सहसचिव-ओपी अवस्थी, गोवर्धन यादव, प्रभु मूलचंदानी, रघुवीर तिवारी, प्रशांत रजक, कार्यकारिणी सदस्य-सुधीर नेमा, कमलेश पांडे, तनवीर हलीम, आयुष दुबे। निर्वाचन पर मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ के अध्यक्ष, विधायक रमेश मेंदोला,महासचिव-दिग्विजय सिंह, इंदौर जिला तैराकी संघ अध्यक्ष राजकुमार राठौर, सचिव-सत्यम द्विवेदी, कय्यूम पठान, संजू जाधव, अमितेश तिवारी सहित अनेक खेल प्रेमियों एवं खिलाड़ियों ने शुभकामनाएं दीं।



## महिला फेडरेशन का सम्मेलन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भारतीय महिला फेडरेशन की इंदौर इकाई का जिला सम्मेलन आयोजित हुआ इसमें अध्यक्ष शैला शिंत्रे, सचिव मालती को बनाया गया। अध्यक्ष शैला ने कहा कि पेरिन दाजी, मायंकर, इंदु मेहता के मार्गदर्शन में फेडरेशन को और ताकतवर बनाया जाएगा। संस्था का संविधान पढ़कर भी बताया। जिला सम्मेलन में शैला शिंत्रे, नेहा, मालती, सुशीला, अनीता, लक्ष्मी, गायत्री, अयोध्या, अनुराधा, मधुमिता, विनीत तिवारी, रुद्रपाल यादव, कैलाश गोठानिया, भारत सिंह, अजय बागी सहित अन्य मौजूद थे।

## श्रमोदय आवासीय विद्यालयों में प्रवेश परीक्षा की तिथि बढ़ाई

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल एवं स्कूल शिक्षा विभाग के मध्य एमओयू के माध्यम से संचालित पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए पूर्णतया निःशुल्क श्रमोदय आवासीय विद्यालयों में छात्रों की संख्या को प्रोत्साहित करने प्रवेश परीक्षा की अंतिम तारीख 20 जनवरी से बढ़ाकर 28 जनवरी कर दी गई है। श्रमोदय आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं से 9 वीं तक सत्र 2026-27 हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन 08 फरवरी 2026 को है।

## शहीदों को दी संगीतमय श्रद्धांजलि

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। रीगल तिराहा पर झंडा ऊंचा रहे हमारा अभियान के अन्तर्गत स्कूली बच्चों के पहुंचने का क्रम जारी है। देश भक्ति आयोजन भी हो रहे हैं। इसी कड़ी में नन्हें ट्रैफिक सोल्जर आदित्य तिवारी 11 साल में अपनी आवाज में देश भक्ति के गीतों की प्रस्तुति दी।



# कोच गंभीर पर एक और हार का ठिकरा..लंबी हो रही लिस्ट

**इंदौर ।** न्यूजीलैंड के हाथों भारत को ती-सरे वनडे में 41 रनों से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ गौतम गंभीर की कोचिंग में टीम इंडिया पर एक और धब्बा लग गया है। भारत इंदौर में यह पहला वनडे मैच हारा है।

गौतम गंभीर जुलाई 2024 में टीम इंडिया के हेड कोच बने थे। उस समय ऐसा लगा था कि जैसा उनका क्रिकेट करियर रहा था, वैसी ही छाप वह अपने कोचिंग का-रियर में भी छोड़ेंगे। मगर हुआ इसका बिल्कुल उलट। गौतम गंभीर की कोचिंग में भारत को ऐसी-ऐसी हार का सामना करना पड़ा जिसका स्वाद टीम इंडिया ने दशकों पहले चखा था। कुछ हार तो ऐसी भी मिली जो टीम इंडिया ने अपने क्रिकेट इतिहास में



कभी नहीं देखी थी। न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान भी गौतम गंभीर की कोचिंग में भारत के नाम 4 शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हुए। आईए एक नजर इस पूरी लिस्ट पर डालते हैं-

**न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में बने ये शर्मनाक रिकॉर्ड-** इंदौर वनडे में भारत को न्यूजीलैंड के हाथों 41 रनों से हार का सामना करना पड़ा। होलकर स्टेडियम में यह भारत की वनडे क्रिकेट में पहली हार है। इससे पहले टीम इंडिया ने यहां 7 मैच खेले थे और हर बार जीत दर्ज की थी। भारत न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली बार घर पर वनडे सीरीज हारा है। कीवी टीम ने 2-1 से सीरीज को अपने नाम किया। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली बार भारत को वनडे सीरीज डिसाइडर में हार का सामना करना पड़ा है। वहीं इस सीरीज के दौरान न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ 285 रनों का टारगेट चेज किया था, जो कीवी टीम द्वारा भारत के खिलाफ चेज किया गया अब तक का सबसे बड़ा टारगेट है।

# रॉबर्ट नर्सिंग होम में आज भी जारी शिविर



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** रॉबर्ट नर्सिंग होम में तीन दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर आज अंतिम दिन में भी जारी है। अमेरिका के एआईपीएनओ क्लब और रोटरी क्लब्स ऑफ इंदौर द्वारा यह स्वास्थ्य शिविर आयोजित कराया जा रहा है। इंदौर रोटरी क्लब के अहिल्या, गैलेक्सी, वैली, आदर्श, मालविका एवं मार्शल के संयुक्त तत्वावधान में शिविर में स्वास्थ्य लाभ दो दिनों तक मरीजों ने लिया। अमेरिका से आए विशेषज्ञों ने परीक्षण परामर्श का आयोजन किया। दवा वितरण भी की गई। इस शिविर का शुभारंभ संभाग आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने किया था। रोटरी क्लब ने 15 दृष्टिहीन विद्यार्थियों को स्मार्ट ग्लास प्रदान किए। इस स्मार्ट ग्लास की सहायता से वे देख, सुन एवं पढ़ सकते हैं। सुखदेवसिंह घुम्मण, डॉ. विजय सेन यशलाहा, किशोर रघुवंशी, रमेश शाह, कमलेश शाह मौजूद थे।

## शानदार फैंस के सामने और बेहतरीन शानदार टीम के खिलाफ खेलना हमेशा खास होता है: ब्रेसवेल

**इंदौर।** भारत की न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में 1-2 से लुटिया डूब गई। न्यूजीलैंड ने रविवार को इंदौर में तीसरा और आखिरी वनडे 41 रनों से जीता और इतिहास रच डाला। डेरिल मिचेल (137) के शतक के दम पर न्यूजीलैंड ने 337/8 का स्कोर बनाया और भारत को 296 रनों पर ऑलआउट कर दिया। विराट कोहली (124) के शतक पर पानी फिर गया। न्यूजीलैंड ने पहली बार भारतीय सरजमीं पर वनडे सीरीज अपने नाम की है। न्यूजीलैंड ने 1989 से द्विपक्षीय वनडे मैचों के लिए भारत का दौरा शुरू किया था लेकिन 37 साल बाद सीरीज जीतने का इंतजार खत्म हुआ। ऐतिहासिक जीत के बाद न्यूजीलैंड के कप्तान माइकल ब्रेसवेल ने भारतीय टीम के जले पर नमक छिड़का।

**हम छोटे देश हैं लेकिन दुनिया के...**ब्रेसवेल ने तीसरे वनडे के बाद कहा, भारत में आकर शानदार फैंस के सामने और बेहतरीन शानदार टीम के खिलाफ खेलना हमेशा खास होता है। पहली बार न्यूजीलैंड टीम ने यहां वनडे सीरीज जीती है, जो स्पेशल है। आप हमेशा यहां आकर अच्छा क्रिकेट खेलने की उम्मीद करते हैं। एक ग्रुप के तौर पर हमने वही किया जो हम अच्छा करते हैं। मानचित्र में हम एक छोटे देश हैं लेकिन दुनिया के कुछ बड़े देशों का मुकाबला करने के लिए एकजुटता के साथ प्रदर्शन करने की कोशिश करते हैं।'' उन्होंने डेरिल मिचेल की शान में कसीदा पढ़ा, जो प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए। उन्होंने तीन मैचों में 352 रन बनाए। वह दूसरे और तीसरे वनडे में प्लेयर ऑफ द मैच भी रहे। कीवी कप्तान ने कहा, मिचेल पिछले कुछ सालों से वनडे फॉर्मेट में कमाल का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बहुत खूबसूरती से बैटिंग अटैक को लीड किया है। वह काफी विनम्र इंसान हैं। उन्हें जिम्मेदारी निभाते हुए अवॉर्ड हासिल देखना काफी खास है। वह इसके हकदार हैं। मिचेल ने सीरीज के पहले मैच में 84 जब्कि दूसरे वनडे में नाबाद 131 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड ने तीन युवा खिलाड़ियों को भारत में डेब्यू का मौका दिया। ब्रेसवेल ने कहा, जब भी आप युवाओं को इंटरनेशनल क्रिकेट से रूबरू कराते हैं और तो बहुत अच्छा लगता है।

# टीम इंडिया की हार के बाद भी छाए विराट, 5 बड़े रिकॉर्ड तोड़ डाले

**इंदौर ।** न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला टीम इंडिया हार गई। इंदौर में भारत को 41 रनों से हार मिली। टीम के लिए विराट कोहली के बल्ले से 124 रनों की पारी निकली। उन्होंने वनडे में अपना 54वां और इंटरनेशनल क्रिकेट में 85वां शतक लगाया। हालांकि उनकी मेहनत बेकार हो गई। अपनी पारी के दौरान विराट कोहली ने कई बड़े रिकॉर्ड तोड़े, हम आपको उनमें 5 के बारे में बताते हैं।

### सबसे ज्यादा मैदान पर शतक

विराट कोहली वनडे में सबसे ज्यादा मैदान पर शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इंदौर का होल्कर स्टेडियम 35वां ग्राउंड पर जिसपर उन्होंने शतक ठोका है। सचिन तेंदुलकर ने वनडे में 34 मैदानों पर शतकीय पारियां खेली हैं।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक

विराट कोहली न्यूजीलैंड के खिलाफ इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। 73वीं पारी में उनका यह 10वां शतक था। सचिन तेंदुलकर, जैक कौ-लिस और जो रूट के नाम न्यूजीलैंड के खिलाफ 9-9 शतक है।

### वनडे में न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक

विराट कोहली वनडे में न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं। कीवी टीम के खिलाफ उनका यह 7वां वनडे शतक है। वीरेंद्र सहवाग और रिकी पोंटिंग के नाम न्यूजीलैंड के खिलाफ 6-6 शतक हैं।

### वनडे में नंबर तीन पर सबसे ज्यादा रन

विराट कोहली वनडे में नंबर-3 पर बैटिंग करते हुए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बन हैं। रिकी पोंटिंग के नाम तीसरे नंबर पर 12662 रन हैं। विराट के इस नंबर पर 12676 रन हो गए हैं।

### 5 टीमों के खिलाफ 7 या उससे ज्यादा शतक

विराट कोहली एकमात्र बल्लेबाज हैं जिन्होंने वनडे में 5 टीमों के खिलाफ 7 या उससे ज्यादा शतक लगाए हैं। उनके श्रीलंका के खिलाफ 10, वेस्टइंडीज के खिलाफ 9, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 8 जबकि साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ 7-7 शतक हैं।

# मुख्यमंत्री यादव ने दिव्यांग फैन की पुकार पर खुद कराया टिकट का इंतजाम

**इंदौर ।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वे केवल प्रदेश के मुखिया ही नहीं, बल्कि एक संवेदनशील और आम आदमी के मुख्यमंत्री हैं। इंदौर के होलकर स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे निर्णायक वनडे मुकाबले के दौरान एक दिल छू लेने वाला वाक्या सामने आया। मुख्यमंत्री ने एक दिव्यांग फैन की सोशल मीडिया पर की गई मार्मिक अपील पर तुरंत संज्ञान लेते हुए उसके लिए मैच के टिकट का प्रबंध कराया। उज्जैन जिले की बड़नगर तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम बमनापानी के निवासी अभिषेक सोनी, जो कि एक दिव्यांग हैं, क्रिकेट के प्रति अटूट जुनून रखते हैं। अभिषेक इंदौर में होने वाले इस हाई-प्रोफाइल मुकाबले को स्टेडियम में बैठकर लाइव देखना चाहते थे, लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिल पा रहा था। निराश होने के बजाय अभिषेक ने एक वीडियो संदेश रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर डाला और सीधे मुख्यमंत्री से गुहार लगाई। अभिषेक ने वीडियो में कहा था, मुख्यमंत्री जी प्रणाम, मेरा नाम अभिषेक सोनी है और मैं दिव्यांग हूं। मुझे क्रिकेट का बहुत शौक है और मेरी दिली इच्छा है कि मैं भारत और न्यूजीलैंड के बीच हो रहे वनडे मैच को लाइव देख सकूं। टिकट नहीं मिल पाने के कारण मैं परेशान हूं, कृपया मेरे लिए प्रबंध करा दीजिए।' मुख्यमंत्री कार्यालय ने जैसे ही इस वीडियो को देखा, डॉ. मोहन यादव ने बिना समय गवाए अधिकारियों को निर्देश दिए और अभिषेक के लिए टिकट की व्यवस्था सुनिश्चित की।



# भारतीय खिलाड़ियों के हाथ नही आए प्रमुख अवार्ड

**नई दिल्ली ।** न्यूजीलैंड ने भारत को वनडे सीरीज में 2-1 से हराकर इतिहास रचा। इंदौर में खेले गए आखिरी वनडे में डेरिल मिचेल के शतक के दम पर कीवी टीम ने 41 रनों से जीत दर्ज की। पहला मैच हारने के बावजूद न्यूजीलैंड की टीम का सीरीज में यह कमाल का कमबैक रहा। इंदौर वनडे में पहले बैटिं-ग करते हुए न्यूजीलैंड ने डेरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स के शतकों के दम पर निर्धारित 50 ओवर में 337 रन बोर्ड पर लगाए थे, इस स्कोर का पीछा करते हुए टीम इंडिया के लिए विराट कोहली ने शतक तो जड़ा, मगर वह टीम की नैया पार नहीं लगा सके। पूरी भारतीय टीम ने 46 ओवर में 296 के स्कोर पर घुटने टेक दिए और न्यूजीलैंड ने मैच को 41 रनों से अपने नाम किया। आईए जानते हैं इंदौर वनडे में प्लेयह ऑफ द मैच कौन बना और प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड कौन ले गया।

### डेरिल मिशेल बने प्लेयर ऑफ द मैच

इंदौर वनडे में 137 रनों की सर्वाधिक पारी खेलने वाले डेरिल मिचेल को प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से नवाजा गया। मिशेल बैटिंग करने तब आए जब न्यूजीलैंड ने 1.1 ओवर में 5 के स्कोर पर अपना दूसरा विकेट खोया था। मिशेल ने अपनी पारी के दौरान 131 गेंदों का सामना किया, जिसमें 15 चौके और 3 गगनचुंबी छक्के लगाए। इस दौरान उन्होंने ग्लेन फिलिप्स के साथ चौथे विकेट के लिए डबल सेंचुरी पार्टनरशिप भी की थी। फिलिप ने भी शतक जड़ते हुए 106 रन बनाए थे।

### डेरिल मिशेल ही बने प्लेयर ऑफ द सीरीज

डेरिल मिशेल भारत के खिलाफ पूरी वनडे सीरीज के दौ-रान छाए रहे। इंदौर से पहले उन्होंने राजकोट वनडे में भी शतक जड़ा था। वहीं सीरीज के पहले मुकाबले में जब न्यूजीलैंड को हार का सामना भी करना पड़ा था, वहां भी इस कीवी बल्-लेबाज ने 84 रनों की पारी खेली थी। इंडिया वर्सेस न्यूजीलैंड इस सीरीज में डेरिल मिशेल एकमात्र ऐसे बल्लेबाज हैं, जिन्होंने 300 रन का आंकड़ा पार किया है। विराट कोहली भी लिस्ट में दूसरे पायदान पर रहे हैं।

# विराट शो, फिर भी भारत को मिली हार
# इंदौरी दर्शक हुए मायूस

## होलकर स्टेडियम पर पहली बार वनडे मैच में मिली हार
## किंग कोहली का 54वां शतक, होलकर स्टेडियम पर पहला



**इंदौर।** विराट कोहली (124 रन) की शतकीय पारी के बाद भी भारतीय टीम को इंदौर के होलकर स्टेडियम पर मेहमान न्यूजीलैंड के हाथों 41 रनों की हार मिली। इस हार के इंदौरी दर्शक मायूस हो गए। जब तक विराट खेल रहे थे, तब तक दर्शकों की स्टेडियम में बैठने की रूची थी, उसके विराट जैसे ही आउट हुए स्टेडियम खाली होने लग गया था। इंदौर के होलकर स्टेडियम का अब तक सभी जीत का अभेद किला भी ढह गया ।

**होलकर स्टेडियम पर 8 मैचों में पहली हार-** होलकर स्टेडियम में अब तक हुए 8 मैचों में यह पहली हार है। 2006 से अब तक हुए सभी 7 मैच यहां भारतीय टीम ने जीते थे। लेकिन रविवार को हुआ मैच भारतीय टीम हार गई। वनडे मैचों में होलकर स्टेडियम पर यह पहली हार है। यानी होलकर का अभेद किला भारतीय टीम बचा नहीं सकी।

**विराट कोहली ने जमाया रंग, होलकर पर पहली बार लगाया शतक-** न्यूजीलैंड से मिले 338 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम के लिए अकेले विराट कोहली ही डटे रहे और अंत कर भारतीय टीम को जीत दिलाने की कोशिश में लगे रहे, लेकिन अंत में वे भी 124 रन बनाकर आउट हो गए। उनकी इस शतकीय पारी ने इंदौरियों को झूमने पर मजबूर कर दिया। होलकर स्टेडियम पर यह उनका पहला शतक है। भारतीय टीम 46वें ओवर में सभी विकेट खोकर 296 रन ही बना सकी।

**रेड्डी और राणा ने इंदौरी क्रिकेट प्रेमियों का खूब मनोरंजन किया-** नितीश रेड्डी और फिर हर्षित राणा ने इंदौरी दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। पहले रेड्डी ने कोहली के साथ मिलकर अच्छी साझेदारी करने के कोशिश की और टीम को संकट से ऊबारा। लेकिन वे 53 रन बनाने के बाद आउट हो गए। उन्होंने 2 चौके और 2 छक्के लगाए। इसके बाद हर्षित राणा ने भी चार चौके और चार छक्कों की मदद से 43 गेंदों में 52 रन की दमदार पारी खेली, लेकिन वे भी जल्द आउट हो गए और भारतीय टीम जीत नहीं सकी। विराट ने रेड्डी के साथ 88 और राणा के साथ 99 रनों की साझेदारी की।

**नहीं चला रोहित, गिल, श्रेयस और राहुल का बल्ला-** रोहित शर्मा (11), कप्तान शुभमन गिल (23), श्रेयस अय्यर (3) और केएल राहुल (1) से बड़ी पारियों की उम्मीद थी। इन चारों ने इस मैदान पर पिछले दो मैचों में शतक लगाए थे, लेकिन रविवार को तीसरे वनडे में चारों ही बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सके। विराट के बाद सबसे ज्यादा रोहित शर्मा की ही डिमांड दर्शकों में थी। रोहित ने शुरुआत तो अच्छी की थी, लेकिन वे बड़ी पारी नहीं खेल सके।

**जल्दी विकेट गिरने से इंदौरी दर्शक मायूस-** जल्दी चार विकेट गिरने के बाद इंदौर दर्शक मायूस हो गए और लोगों में मैच देखने का उत्साह सिर्फ विराट कोहली की बल्लेबाजी देखने में रह गया था। विराट ने भी इंदौरी दर्शकों को निराश नहीं किया और अपना वनडे का 54वां शतक पूरा किया। यह उनका कुल 85वां शतक था।

## मॉल में ताइक्वांडो प्रतियोगिता



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** नेक्सस इंदौर सेंट्रल मॉल में केमछो इवेंट्स द्वारा ताइक्वांडो प्रतियोगिता के आयोजन में 150 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्गों में मुकाबले प्रस्तुत किए, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में अभिभावक एवं मॉल में उपस्थित दर्शक मौजूद रहे।आयोजन से श्रेया आनासाने, डॉ. अंशुल जैन, पीयूष, अमित, मिथलेश, वीरेंद्र, कृपाल, आयुषी जुड़े हुए थे।

## कुश्ती में चयनित पहलवान उज्जैन में खेलेंगे




**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश खत्री ने बताया कि इंदौर टीम में चयन हुआ। जिसमें फ्री-स्टाइल आयुष अग्रवाल, हिरीश सिसौदिया, हितेश कुशवाहा, रोहित यादव, सोहेल कुरेशी, सिद्धार्थ जोशी, आदर्श यादव, कुणाल कश्यप, आर्यन यादव ग्रोकोरोमन -सुशांत जादव, गोपाल यादव, अली पठान, हिमांशु राठौर, महेश राठौर, पृथ्वी जोशी, आशुतोष यादव, पलश बाघमोरे, वंश पाल, मोहम्मद रजा महिला-लक्ष्मी जरिया, भूमिका कुशवाह, चाहत पाल, प्राची जोशी, जान्हवी राठौर, माही कौशल, अनुष्का बोरासी, श्रेया बोरासी टीम के साथ कोच होगे गोविंद गुर्जर,अंतरराष्ट्रीय कोच अरविंद पटेल,केजेश यादव,रिंकू यादव,मनीष मोहाले,कपिल येगाडगे. सभी मुकाबले अंदर 20 जूनियर वर्ग में हुए, इसके विजेता पहलवान उज्जैन में 28 से 30 जनवरी तक खेलो मध्य प्रदेश युवा गेम्स में भाग लेंगे।

## बैडमिंटन स्पर्धा के पुरस्कार



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सरताज अकादमी द्वारा अमेच्योर बैडमिंटन एकेडमी में आयोजित योनेक्स सनराइज विद्यालयीन खुली बैडमिंटन स्पर्धा के पुरस्कार वितरण का आयोजन अतिथि राजेश दंडोतिया, आयोजक धर्मेश यशलहा एवं अजय शुक्ला, हर्ष सरग, अंकित शुक्ला और माधुरी सरग की मौजूदगी में किया गया।

## कोहली के शतक पर फ्री चाय, उमड़ी भीड़



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच कल खेले गए वन-डे मैच में भले ही भारत मैच हार गया, लेकिन किंग कोहली ने इंदौर के प्रशंसकों का दिल जीत लिया। मेघदूत चौपाटी पर चाय दुकान संचालित करने वाले शिवा चाय के संचालक ने मैच शुरू होने से पहले ही घोषणा की थी कि अगर इंदौर में कोहली शतक लगाएंगे तो वे लोगों को फ्री चाय पिलाएंगे, जब कोहली ने शतक लगाया तो चाय दुकान पर चाय प्रेमियों की भीड़ उमड़ गई।



## प्रशंसक खड़े थे खिलाड़ियों के लिए आ गया बकरियों का समूह

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी होटल रेडिसन से होलकर स्टेडियम के लिए निकलने वाले थे, इधर बाहर सामने रोड पर बड़ी संख्या में प्रशंसक अपने भारतीय खिलाड़ियों की झलक देखने के लिए मौजूद रहकर मशक्कत कर रहे थे। इसी दौरान रोड से बकरियों का समूह लेकर चरवाहा निकला। यह दृश्य भी क्रिकेट शौकीनों ने कैद किया।

## पार्किंग से गाड़ियां उठा ले गए



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** होलकर स्टेडियम के बाहर नो पार्किंग में गाड़ियां खड़ी थी और क्रिकेट प्रेमी मैच देखने अन्दर गए, कुछ लोग टिकिट की जुगत में लगे थे तो कुछ लोग माहौल देखने पहुंचे थे। नो पार्किंग में रखी गाड़ियों को यातायात पुलिस ने क्रेन के माध्यम से उठवा लिया यह गाड़ियां भी बड़ी संख्या में हुई।

## कोहली रवाना अलग-अलग जाएंगे खिलाड़ी



### जिनको खेलना है टी-20 वे जाएंगे साथ

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विराट कोहली कल रात ही इन्दौर से रवाना हो चुके है, इसके अलावा भारतीय टीम के खिलाडी अब साथ में रवाना नहीं हो रहे है, वे अलग-अलग भी जा रहे है क्योंकि वन-डे टीम के कुछ खिलाडी ही 21 जनवरी से होने वाली न्यूजीलैण्ड के साथ टी-20 सीरिज में खेलेंगे। वन-डे क्रिकेट टीम के जो जो खिलाडी टी-20 सीरिज खेलेंगे वे सभी साथ में रवाना होंगे। वहीं दूसरे खिलाडी अपने हिसाब से रवाना हो रहे है। विराट कोहली कल देर रात ही इन्दौर से रवाना हो गए।



## न्यूजीलैंड के समर्थकों के साथ ली सेल्फी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भारत-न्यूजीलैंड मैच के दौरान कल रविवार होने की वजह से भी लोगों में ज्यादा उत्साह था, मैच के दौरान लोगों ने सेल्फी ली। अग्रवाल समाज से जुड़े सौरभ गोयल भी इसमें शामिल रहे। होलकर स्टेडियम में वैसे तो भारत के प्रशंसकों की भरमार थी, लेकिन कुछ चुनिंदा प्रशंसक न्यूजीलैंड के भी स्टेडियम में मौजूद थे। गोयल ने उनके साथ सेल्फी ली।

# गोवंश से भरा ट्रक पकड़ाया

## मानपुर पुलिस ने यूपी और हरियाणा के दो तस्करों को किया गिरफ्तार

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



मानपुर थाना क्षेत्र में गोवंश तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई सामने आई है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने वध के लिए क्रूरतापूर्वक ले जाए जा रहे गोवंश को मुक्त कराया और ट्रक सहित दो आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने पकड़े गए तस्करों के खिलाफ केसदर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को सूचना मिली थी कि लेबड़ रोड मालीपुरा इलाके से एक ट्रक में बड़ी संख्या में गोवंश को भरकर वध के लिए ले जाया जा रहा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए कार्यकर्ताओं ने संदिग्ध ट्रक का पीछा किया और उसे घेरकर रोक लिया। ट्रक की तलाशी लेने पर उसके भीतर गोवंश अत्यंत क्रूरतापूर्वक भरे हुए पाए गए। कार्यकर्ताओं ने तत्काल इसकी सूचना मानपुर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर ट्रक को जब्त किया और उसमें सवार दो आरोपियों को हिरासत में लिया। आरोपियों की पहचान संजीव कुमार शर्मा निवासी करनाल हरियाणा और विमलेश पाल निवासी प्रयागराज उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पूछताछ में पता चला है कि यह ट्रक उत्तर प्रदेश से आ रहा था। मानपुर पुलिस ने फरियादी विजय चौहान की रिपोर्ट पर दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस अब इस तस्करी के पीछे जुड़े अन्य नेटवर्क और गिरोह के सदस्यों का पता लगाने में जुटी है।

# बीच सड़क पर शराब पीने से रोका तो ट्रैफिक पुलिसकर्मी का सिर फोड़ा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

कनाड़िया थाना क्षेत्र में बिचौली मर्दाना बायपास ब्रिज के पास देर रात ड्यूटी पर तैनात एक ट्रैफिक पुलिसकर्मी के साथ अज्ञात बदमाशों ने जमकर मारपीट की और सिर पर पत्थर मारकर फरार हो गए। स्कीम नंबर 136 निवासी अनुराग शर्मा पिता महेश शर्मा ट्रैफिक पुलिस में आरक्षक के पद पर तैनात हैं। शहर में क्रिकेट मैच खत्म होने के बाद बायपास पर यातायात व्यवस्था सुचारू करने के लिए उनकी ड्यूटी बिचौली मर्दाना अंडरपास के पास लगी थी। इसी दौरान उन्होंने देखा कि बायपास पर खड़ी एक आइशर गाड़ी में



दो लोग बैठकर सरेआम शराब पी रहे थे। आरक्षक ने जब उन्हें वहां से हटने और सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने से मना किया, तो आरोपी बदतमीजी पर उतारू हो गए।विवाद बढ़ता देख आरोपियों ने फोन कर गाड़ी के मालिक को मौके पर बुला लिया। आरोप है कि मालिक ने आते ही आरक्षक के साथ गाली-गलौज और हाथापाई शुरू कर दी। जब घायल आरक्षक ने अपने सहकर्मियों को सूचना देने के लिए वायरलेस सेट का उपयोग करना चाहा, तो बदमाशों ने उन्हें जोरदार धक्का दिया और मौके से भागने लगे। भागते समय आरोपियों ने पीछे से एक बड़ा पत्थर फेंक कर मारा, जो सीधे आरक्षक अनुराग के सिर में लगा, जिससे वे लहूलुहान हो गए।

# सब्जी मंडी में युवक के जेब से उड़ाया आईफोन

**इंदौर।** निरंजनपुर सब्जी मंडी में खरीदारी करने पहुंचे एक व्यक्ति का कीमती मोबाइल चोरी होने का मामला सामने आया है। भीड़भाड़ का लाभ उठाकर एक अज्ञात जेबकतरे ने फरियादी की पैंट की पिछली जेब से आईफोन निकाल लिया और चंपत हो गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर मंडी क्षेत्र के सी-सीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, महालक्ष्मी नगर स्थित स्पेस पार्क फेस-01 के निवासी 47 वर्षीय जितेंद्र गौड़ ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। जितेंद्र शनिवार सुबह करीब 8:30 बजे निरंजनपुर सब्जी मंडी में घरेलू सामान और सब्जी खरीदने गए थे। उन्होंने अपना गोल्ड रंग का आईफोन पैंट की पिछली जेब में रखा था। मंडी में काफी भीड़ थी, जिसका फायदा उठाकर किसी शातिर बदमाश ने बड़ी सफाई से उनकी जेब से फोन पार कर दिया।

# ठेला लगाने की बात पर विवाद,सब्जी विक्रेता पर चाकू से जानलेवा हमला

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

**परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में सब्जी का ठेला लगाने जैसी मामूली बात को लेकर दो युवकों ने एक 20 वर्षीय युवक पर चाकू से हमला कर दिया। मालवा मिल क्षेत्र में हुई इस वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने घायल की शिकायत पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।**

पुलिस के मुताबिक शिवाजी नगर निवासी लक्की वर्मा मालवा मिल स्थित एम.एल. टॉवर के पास रोजाना सब्जी का ठेला लगाता है। शनिवार को जब वह अपना ठेला लगाने पहुँचा, तभी वहां हेमंत तोमर और देवांश तोमर आए और जगह को लेकर विवाद करने लगे। आरोपियों ने लक्की को वहां से हटने के लिए कहा और गाली-गलौज शुरू कर दी। जब लक्की ने विरोध किया, तो विवाद मारपीट में बदल गया। इसी दौरान आरोपी देवांश ने जेब से चाकू निकाला और लक्की की कमर पर वार कर दिया। चाकू लगने से लक्की लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा और मदद के लिए चिल्लाने लगा। शोर सुनकर आसपास के व्यापारियों और राहगिरों की भीड़ जमा होने लगी, जिसे देखकर आरोपी हेमंत और देवांश जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। सूचना मिलते ही परदेशीपुरा पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुँची और घायल युवक को तुरंत अस्पताल पहुँचाया। पुलिस ने लक्की की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# 5 साल से फरार 5 हजारी इनामी वारंटी महाराष्ट्र से गिरफ्तार



**इंदौर।** देहात इलाके की गौतमपुरा पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है, जहाँ टीम ने पांच वर्षों से पुलिस की आँखों में धूल झोंक रहे एक शातिर स्थाई वारंटी को महाराष्ट्र के कोल्हापुर से धर दबोचा। पकड़े गए आरोपी पर 5,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पकड़ा गया आरोपी रामसिंह पिता गोपाल सिंह, निवासी शंकरनगर खेड़ी जिला राजगढ़ पिछले कई सालों से अपनी पहचान छुपाकर महाराष्ट्र में रह रहा था। आरोपी के विरुद्ध गौतमपुरा थाने में वर्ष 2015 में धोखाधड़ी और फर्जीवाड़े की धारा 420, 467, 468 का केस दर्ज हुआ था। मामले की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय ने उसके खिलाफ स्थाई वारंट जारी किया था, लेकिन वह गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में गठित पुलिस टीम ने आरोपी की लोकेशन ट्रेस की और कोल्हापुर में दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। गौतमपुरा पुलिस ने बताया कि आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करने के बाद देपालपुर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

# घर में घुसकर आरोपी ने की शर्मनाक हरकत

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में एक महिला की सुरक्षा और सम्मान को तार-तार करने वाली गंभीर घटना सामने आई है। एक 42 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति ने इलाके में रहने वाली 22 वर्षीय पीड़िता के घर में अनाधिकृत रूप से प्रवेश किया और उसके साथ बेहद शर्मनाक व अश्लील हरकत की। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 22 वर्षीय पीड़िता ने थाने पहुँचकर अपनी आपबीती सुनाई। पीड़िता ने बताया कि आरोपी गणेश पिता धन्नालाल कहार (42), निवासी आस्था पैलेस ने मौका पाकर अचानक उसके घर के भीतर प्रवेश कर लिया। इससे पहले कि पीड़िता कुछ समझ पाती या शोर मचा पाती, आरोपी ने बुरी नीयत से उसे दबोच लिया और जबरन उसके कपड़े उतार दिए।

# टक्कर के बाद पलटी कार क्षतिग्रस्त



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इन्दौर-देवास बायपास पर फिर हादसा हो गया। इस बायपास पर लगातार हादसों के मामले सामने आ रहे है। टोल टैक्स के समीप कैंडलॉस होटल के सामने स्कार्पियों क्रमांक एमपी-04 वायएन-6707 पलट गई। सूत्रों के मुताबिक स्कार्पियों को पीछे से ट्रक ने टक्कर मारी थी जिससे वह पलट गई और क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि कार सवारों को कोई गम्भीर चोट नहीं आई।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।